R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -250 | ग्वालियर, शनिवार 20 अप्रैल 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

## दमोह में पाक पर बरसे पीएम मोदी

# बोले- आटा के लिए तरस रहा आतंकी सप्लायर पड़ोसी देश

### लकी पटेल को जन्मदिन की बधाई देते हुए आशीर्वाद प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई





**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान राजेश पटेल दमोह**

दमोह -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एमपी के दमोह दौरे पर पहुंचे. यहां प्रधानमंत्री मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर निशाना साधा. हालांकि इस दौरान पीएम ने पाकिस्तान का नाम नहीं लिया था. साथ ही विपक्ष को भी आड़े हाथ लिया.बिना नाम लिए पाकिस्तान पर निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले 5 साल में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है. प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के कितने देशों की स्थिति बहुत खराब है. कई देश दिवालिया हो रहे हैं. हमारा एक पड़ोसी, जो आतंक का सप्लायर था, वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है. इस दौरान हंसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यहां के मतदाता काफी समझदार हैं, मैंने तो किसी का नाम भी नहीं लिया और आप तक बात पहुंच भी गई. पीएम ने कहा कि ऐसे हालातों में हमारा देश सबसे तेजी से विकसित हो रहा है. उन्होंने कहा कि आज जो भारत आगे बढ़ रहा है, इससे आपको गर्व हो रहा है, या नहीं.

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया ने कोरोना देखा है. पूरे विश्व में संकट छाया हुआ था. ऐसे समय में भारत सरकार ने विदेश में बसे हुए भारतीयों को भारत सुरक्षित लाने का काम किया है. करोड़ों भारतीयों को मुफ्त राशन देने का काम किया है. करोड़ों लोगों को मुफ्त वैक्सीन लगाने का काम किया है. आज देश में वह भाजपा सरकार है. जो न किसी से दबती है और न किसी के सामने झुकती है.

### लकी पटेल को जन्मदिन की बधाई देते हुए आशीर्वाद प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी

अंत में मोदी ने प्रचंड बहुमत से भाजपा को जिताने की अपील की.इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री वीडी शर्मा जी, साथी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी, संभाग प्रभारी श्री चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी जी, पूर्व गृहमंत्री माननीय डॉ नरोत्तम मिश्रा जी, वरिष्ठ नेता श्री जयंत मलैया जी, माननीय श्री गोपाल भार्गव जी, साथी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्दद्यड्ड जी, लोकसभा प्रत्याशी श्री राहुल सिंह जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह लोधी जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री वीडी शर्मा जी, साथी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी, संभाग प्रभारी श्री चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी जी, पूर्व गृहमंत्री माननीय डॉ नरोत्तम मिश्रा जी, वरिष्ठ नेता श्री जयंत मलैया जी, माननीय श्री गोपाल भार्गव जी, साथी मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्दद्यड्ड जी, लोकसभा प्रत्याशी श्री राहुल सिंह जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह लोधी जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मर्डर मिस्ट्री फिल्म तत्क्षण के प्रमोशन के लिए फिल्म निर्देशक वैभव वर्मा के साथ झीलों के शहर भोपाल पहुंचे

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**




भोपाल बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत राय अपनी आगामी हिंदी होमिसाइड थ्रिलर / मर्डर मिस्ट्री फिल्म तत्क्षण के प्रमोशन के लिए फिल्म निर्देशक वैभव वर्मा के साथ झीलों के शहर भोपाल पहुंचे, जहां उन्होंने प्रेस कान्फ्रेस की और अपने अनुभव मीडिया कॉर्डिनेटर राहुल जैन एवम अन्य प्रेस साथियों के साथ साझा किए।

फिल्म प्रमोशन के लिए मुंबई से भोपाल तक का सफर दोनो ने अपनी बीएमडब्ल्यू मोटरसाइकिल पर सवार हो कर किया द्य आगे भोपाल से लखनऊ का सफर भी इसी मोटरसाइकिल से ही तय करते लुलु मॉल स्थित पीवीआर सिनेमा में फिल्म का प्रीमियर देखेंगे !

फिल्म %तत्क्षण% सब इंस्पेक्टर हर्षवर्धन दुबे के अदम्य साहस की कहानी है, जो एक जघन्य हत्याकांड की जांच करता है। विक्रांत राय पहली बार बड़े पर्दे पर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इससे पहले विक्रांत राय ने स्टार प्लस पर काव्यांजलि , ज़ी टीवी पर घर की लक्ष्मी बेटियाँ और मायका, दूरदर्शन पर दो सौ करोड़ की बोतल जैसे कई हिट टीवी शो में काम कर अपने प्रशंसकों के दिलों में खास जगह बनाई है।

वे %युवा% (2015), %भौरी% और %लुच्चे लफंगे% जैसी हिंदी फिल्मों के भी स्टार रह चुके है !

वैभव वर्मा फिल्म तत्क्षण के लेखक और निर्देशक हैं।

इससे पहले वैभव वर्मा आमिर खान की सीक्रेट सुपरस्टार , आयुष्मान खुराना की बाला और ऋषि कपूर की राजमा चावल में एसोसिएट आर्ट डायरेक्टर के रूप में काम कर चुके है।




# लहार थाना पुलिस ने अवैध पटाखा फैक्ट्री मारा छापा

**रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार..पुलिस अधीक्षक असित यादव, अति.पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी लहार प्रवीण त्रिपाठी के निर्देशन में अवैध फटाखा सामग्री बेचने एवं रखने वालों के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत की गई कार्यवाही में थाना लहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, लहार पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि अन्नपूर्णा बीजगोदाम के पास वार्ड नं.07 कस्बा लहार का फिरोज खान पुत्र नत्थू खान अपने घर में अवैध फटाखा बनाने व बेचने का काम कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर तत्परता के साथ थाना प्रभारी लहार निरीक्षक रविन्द्र शर्मा व्दारा एक टीम का गठन कर सूचना की तस्दीक हेतु भेजा गया। टीम के व्दारा मुखबिर के बताये हुए स्थान अन्नपूर्णा बीजगोदाम के पास वार्ड नं.07 कस्बा लहार पहुँचकर फिरोज खान पुत्र नत्थू खान के घर पहुँचकर फिरोज खान की उपस्थिति में उसके घर को चैक किया तो फिरोज खान के घर पर अवैध फटाखा के पैकिट व फटाखा बनाने का सामान पाया गया। फिरोज खान से फटाखा निर्माण व बेचने के सम्वन्ध में लायसेंस चाहा तो उसने अपने पास कोई लायसेंस नही होना पाया बाद आरोपी फिरोज खाँन का कृत्य धारा 5,9 (ख) विस्फोटक अधिनियम तथा विस्फोटक के साथ उपेक्षा पूर्ण आचरण धारा 286 भादवि के तहत दण्डनीय पाया जाने से आरोपी के कब्जे से अवैध फटाखा के पैकिट व फटाखा बनाने का सामान कुल कीमती करीबन 70,000/- रूपये जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी फिरोज खाँन के विरूध्द अपराध क्रमांक 118/2024 धारा धारा 5,9 (ख) विस्फोटक अधिनियम तथा विस्फोटक के साथ उपेक्षा पूर्ण आचरण धारा 286 भादवि का पंजीबध्द किया गया,उंक्त कार्य मे निरीक्षक रविन्द्र शर्मा थाना प्रभारी थाना लहार, का. उनि. मुन्शी लाल डोंगर, आर. 1356 अक्षय दीक्षित आर. 1233 सुभाष जाट, आर. 690 भोला परस्ते की सराहनीय भूमिका रही।

# संगम वाटिका में अग्नि दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुँचे आईजी, कलेक्टर, एसपी व निगम कमिश्नर

### वरिष्ठ अधिकारियों की देख-रेख में तेजी से बचाव कार्य जारी दूसरे जिलों से भी फायर ब्रिगेड बुलाई

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर। ग्वालियर में एजी ऑफिस पुल के पास बने संगम वाटिका में आज देर शाम अचानक आग लग गई । आग लगने की सूचना मिलने पर आईजी श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए है। साथ ही दमकल की गाड़ियो से आग बुझाने का प्रयास जारी है।



कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संबंधित अधिकारियों से बात कर ग्वालियर शहर के आसपास के जिलों से भी फायर ब्रिगेड बुलाई हैं। वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में फायर ब्रिगेड अमले द्वारा तेजिबके साथ आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## भाजपा का सर्वहारा सर्वजातीय समरसता सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित

# भाजपा की डबल इंजन सरकार सभी समाजों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है- श्री नरेंद्र सिंह तोमर

## सामाजिक समरसता से हमारा राष्ट्र भी मजबूत होता है-श्री भारत सिंह कुशवाह






**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की डॉ मोहन यादव सरकार सभी समाजों के विकास और तरक्की की दिशा में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने दस साल के दौरान सभी समाजों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। सभी समाज के उत्थान पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। भारतीय जनता पार्टी के लोग सामाजिक समरसता को बढ़ाने के लिए कार्य कर रहें हैं। ग्वालियर के विकास की गति का पहिया लगातार चलता रहे इसके लिए आप सभी 7 मई को होने वाले मतदान में भाजपा के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान करें और भारत सिंह कुशवाह को भारी मतों से विजयी बनाएं। उक्त बात शुक्रवार को मप्र विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिहं तोमर ने मुरार में आयोजित सर्वहारा सर्वजातीय समरसता सम्मेलन कार्यक्रम में कही।

इस अवसर पर पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह जी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम सामाजिक दृष्टि से निश्चित रूप से एक अच्छा कार्यक्रम है। एक उत्तम विचार के साथ सामाजिक समरसता का यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। हम जानते हैं कि सभी समाजों में एकता का भाव होना चाहिए और वहां एकता का भाव होता है वहां सफलता का मार्ग निकलता है। आज हमारे समाजों के लिए समरसता की हमेशा जरूरत रही है। सामाजिक समरसता से हमारा राष्ट्र भी मजबूत होता है और सामाजिक समरसता के पक्षधर पं दीनदयाल उपाध्याय भी रहे और यह हमारी विचारधारा में भी है। हमारे देश में जो भी महान या महात्मा हो सभी सामाजिक समरसता के पक्षधर में रहे हैं।

श्री कुशवाह जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार एवं प्रदेश की डॉ. मोहन यादव जी की सरकार सभी समाजों के कल्याण के लिए काम कर रही है। आदरणीय नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए खाद्यान्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, रेडी-फेरी वालों को सहयोग समेत अनेक योजनाओं के माध्यम से भारत सरकार ने दलित एवं पिछड़े वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया है। केंद्र सरकार सदैव पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा के चुनाव में जिस तरह से पूरा देश मोदीमय हो रहा है। आपके आशीर्वाद की महती आवश्यकता मुझे और पार्टी को है। आप सबके आशीर्वाद से मैं पहले भी विधायक व मंत्री रह चुका हूं। मैंने हमेशा से ही ग्वालियर ग्रामीण के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है और यह सब डबल इंजन सरकार के कारण हो सका है। और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मैं ग्वालियर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। इसलिए आप सभी 7 मई को होने वाले मतदान में आप सभी शत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में मतदान करें और एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार बनाएं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अभय चौधरी, लोकसभा संयोजक श्री जयसिंह कुशवाह, श्री रामबरन सिंह गुर्जर, महामंत्री श्री विनोद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्री सुरेंद्र शर्मा, श्रीमती रितु शेजवार सहित शहर के सभी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## डबल इंजन की सरकार का लाभ ग्वालियर क्षेत्र को भी मिले इसके लिए आप भाजपा के पक्ष में मतदान करें-श्री भारत सिंह कुशवाह

**ग्वालियर**। जब से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश का नेतृत्व किया है जब से हमारे देश का गौरव, मान और सम्मान बढ़ा है। देश की प्रगति और तरक्की हुई है उसके लिए प्रधानमंत्री ने जमकर काम किया है। जिस तरह से विकास के मामले में देश में एक नए आयाम स्थापित किए है, चाहे ग्वालियर की बात हो। उक्त बात पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह जी ने महाराज बाड़ा स्थित कृष्णा कॉम्पलैक्स में व्यापारियों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहर की समस्या के बारे में अच्छी तरह से अवगत हूं हम सबको मिलकर शहर के विकास के लिए काम करना है। आपके आशीर्वाद से मप्र में तीन महीने पहले भी भाजपा की सरकार बनी है और केंद्र में भी भाजपा की सरकार बनेगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। डबल इंजन की सरकार का भरपूर लाभ हमारे ग्वालियर क्षेत्र को भी मिले ऐसा मेरा भी प्रयास रहेगा। क्योंकि जब दोनों सरकारों का सहयोग मिलेगा तो ग्वालियर तरक्की और प्रगति करेगा। आपका आशीर्वाद प्रधानमंत्री को मिले, पार्टी को मिले और मुझे भी मिले इसके लिए आप सभी एक बार फिर भाजपा के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर श्री आशुतोष माहेश्वरी, श्री मुन्ना सिंह कुशवाहा, श्री कौशल वाजपेयी, श्री मुन्नेश जादौन, श्री उमेश मित्तल, श्री पप्पू भाई, जिला मीडिया प्रभारी श्री नवीन चौधरी, श्री सोनू मंगल, श्री राज भोण्ड सहित काफी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित रहे।

## भारत सिंह कुशवाह आज नया बाजार , के.आर.जी कॉलेज के सामने कम्पू से करेंगे सघन जनसंपर्क

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

ग्वालियर भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा कल 20 अप्रैल को सुबह 9.15 बजे से नया बाजार तिराहा कम्पू से सघन जनसंपर्क किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा ग्वालियर के प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने दी।श्री चौधरी ने इस अवसर पर समस्त दक्षिण विधानसभा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ भाजपा, मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं से उपस्थित रहने की अपील की है।

# भारी जनसमर्थन के साथ सरोज पांडेय ने भरा नामांकन फार्म, प्रदेश के सीएम डिप्टी सीएम सहित मंत्री व दिग्गज भाजपाई जुटे

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*



कोरबा। आम चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में राजनीति सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है। सियासी बयानबाजी के बीच चुनावी रण में किस्मत आजमा रहे प्रत्याशी अपना नामांकन फार्म भरने के साथ ही शक्ति प्रदर्शन कर अपने पक्ष में माहौल बना रहे है। सूबे की हाई प्रोफाइल सीटों में शामिल कोरबा लोकसभा में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। 16 अप्रैल को महाअष्टमी के शुभ मुहुर्त में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के साथ अपना नामांकन दाखिल किया था।

इसी दिन बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे ने भी अपना पहला नामांकन फार्म शुभ मुहुर्त में जमा किया था। इसके बाद अब गुरूवार को बीजेपी ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन का दूसरा सेट जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा किया। इस दौरान उनके साथ सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल साथ थे।

नामांकन रैली के जरिये बीजेपी ने शक्ति प्रदर्शन किया, वहीं आमसभा के जरिये मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और कैबिनेट मंत्रियों ने आम जनता को संबोधित किया।

ष्द्धद्धड्डह्लह्वद्यद्दड्डह्द्ध मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में घंटाघर ओपन आडिटोरियम में विशाल जनसभा को संबोधित करने के बाद बीजेपी शक्ति प्रदर्शन करते हुए कोसाबाड़ी चौक तक पहुंची। यहां से कैबिनेट मंत्रियों के साथ सरोज पांडे ने अपना दूसरा नामांकन फार्म जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा किया। सीएम विष्णुदेव साय ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ सबका विकास संकल्प को लेकर काम कर रही है। पूरी दुनिया में 140 करोड़ भारतवासी का मान हो रहा है और आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत देश को विकसित भारत के रूप में खड़ा करने के लिए मोदी जी अथक मेहनत कर रहे हैं।

आने वाला 2029 तक विश्व की बड़ी शक्ति के रूप में भारत का नाम होगा। उन्होंने कहा कि साल कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का काम किया। कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र में 36 घोषणाएं की थी लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। 5 सालों में छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया , भ्रष्टाचार का घर बना दिया गया। क्या-क्या चीजों में भ्रष्टाचार नहीं किया गया।

इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, विधायक रेणुका सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, विधायक प्रणव मरपच्ची, भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास महतो, कोरबा लोकसभा क्षेत्र के चारो जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, कृष्ण बिहारी जायसवाल, अनिल केशरवानी, कन्हैया सिंह राठौर समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी व आला पदाधिकारी शामिल रहे।

# निधौली कलां के ग्रामपंचायत नोलीपुर में राजू आर्य ने सांसद राजवीर सिंह के लिए मांगे वोट

## विधायक वीरेंद्र लोधी के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी के जीत के कारवां को बढ़ाने में जुटे राजू आर्य



*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव व*

एटा। भाजपा नेता रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य लगातार मारहरा विधायक वीरेंद्र लोधी के नेतृत्व में भाजपा प्रत्याशी सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया के लिए प्रचार-प्रसार करते हुए लोगों से भाजपा प्रत्याशी सांसद राजवीर सिंह के लिए जन समर्थन जुटा रहे हैं।

राजू आर्य ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जाकर लोगों से वोट मांग रहे हैं साथ ही सरकार की जनहित में चलाई जा रही हैं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे है, शुक्रवार को? राजू आर्य ने निधौली कलां क्षेत्र के ग्राम पंचायत नोलीपुर में भाजपा प्रत्याशी का प्रचार किया साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा प्रत्याशी सांसद राजवीर सिंह को वोट देने की अपील की।

बता दें मारहरा क्षेत्र में राजू आर्य की अच्छी-खासी लोकप्रियता है जिसके चलते उनको भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में भरपूर समर्थन मिल रहा है और सांसद राजवीर सिंह तीसरी बार फिर एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रहे हैं।

इस अवसर पर प्रवेश यादव प्रधान, विपन यादव प्रधान,सुमित कुमार प्रधान, सतेंद्र नेता जी, मोनू ठाकुर, गजेंद्र सिंह, अंकित यादव, उमेश यादव, संदीप यादव, विनय यादव, किशू यादव, अंकुर यादव, मोहित यादव, रिंकू यादव, सुरेश चंद्र, मनोज कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



## मऊ रानीपुर के भदरवारा में मावली माता मंदिर प्रांगण भदरवारा में सामूहिक कन्या विवाह हुआ संपन्न।

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट

झांसी तहसीलाल के मऊरानीपुर की ग्राम पंचायत भदरवारा में स्थित भद्रकाली मंदिर परिसर में सर्व जातीय कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन मां भद्रकाली सेवा समिति द्वारा द्वितीय बार आयोजित कराया गया। जिसमें वर एवं कन्या पक्ष को सामुहिक कन्या शादी समारोह के दौरान अनेक प्रकार के उपहार भेंट किए गए। साथ ही चैत्र नवरात्रि की नवमीं तिथि के चलते विशाल रूप में मावली माता मंदिर समिति द्वारा भोज भंडारे का विशाल आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों भक्तों ने भोग प्रसादी ग्रहण की। श्री भद्रकाली माता मंदिर के पुजारी विजय तिवारी एवं अजय तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया की चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बुधवार को श्रीराम जी के जन्मोत्सव के दौरान सर्व जातीय गरीब कन्या विवाह सम्मेलन ग्राम के अलावा क्षेत्रवासियों के विशेष सहयोग से एक दर्जन गरीब कन्याओं का विवाह स कुशल संपन्न कराया गया। वही कमेटी द्वारा बताया की भदरवारा गांव में पिछले नब्बे वर्षों से आदि शक्ति मां भद्राकाली मंदिर में दसवीं तिथि से लेकर पूर्णमासी तक रात्रि में रामलीला का मनमोहक मंचन किया जाता है साथ में दिन में विशाल रूप में ताड़का के वध का आयोजन कराया जाता है। जिसमें गुरुवार 18 अप्रैल से भागीरथी आदर्श रामलीला मंडल टोडीफतेपुर द्वारा रामलीला का मंचन मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंदजी के प्रक्कटोतसव का मनमोहक मंचन के साथ शुभारंभ किया गया। वही 23 अप्रैल को दोपहर से विशाल रूप में हाथी, घोड़ों द्वारा ताड़का का वध किया जाएगा। आयोजक कमेटी द्वारा बताया गया है कि सभी कार्यक्रम लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के आदेश को देखते हुए एवं चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का विशेष ध्यान रखते हुए सम्पन्न जाएंगे जायेंगे।

## दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मिल रही है मतदान की सुविधा

बाराबंकी, 19 अप्रैल। दिव्यांग मतदाता शतप्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके इसके लिये चुनाव आयोग उनके घर पर ही मतदान की व्यवस्था कर रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत कार्टून मधुमक्खी नित मतदाताओं की जिज्ञासा और उनके सवालों का जवाब दे रही है। जिससे अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक किया जा सके और जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ सके। मतदाता और कार्टून मधुमक्खी के सवाल जवाब की श्रृंखला में शुक्रवार को जमील-उर-रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स कॉलेज की 12वीं की छात्रा निदा बानो ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक पोस्टर चित्र बनाया है। पोस्टर चित्र में एक दिव्यांग मतदाता के सवाल का जवाब देते हुए कार्टून मधुमक्खी कहती है कि चालीस प्रतिशत से अधिक दिव्यांग व्यक्ति मतदान के लिए घर पर ही बैलट पेपर के माध्यम से अपना वोट डाल सकते है, इसके लिये बीएलओ द्वारा 12 डी फॉर्म भी घर घर जाकर भरवाया जा रहा है जिसमें दिव्यांग मतदाता अपना वोट बूथ पर जाकर करेंगे या घर ही मतदान करना चाहते है इस बात की सहमति प्रदान करते है।

## नकहा-खीरी : बैंक कर्मियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर रखते हुए ग्राम पंचायत सैदीपुर हररैया में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत ÷स्ड्डश्चश्वक्क कार्यक्रम÷ का आयोजन इंडियन बैंक के अग्रणी बैंक में कार्यालय के अग्रणी जिला प्रबंधक श्री ऐ के पांडेय की अध्यक्षता में बैंक कर्मियों के



द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें ग्राम पंचायत से सैकड़ो लोगों ने रैली में प्रतिभाग किया 13 म?ई 2024 को ÷पहले मतदान फिर जलपान÷ का नारा देकर लोगों को मतदान के प्रति घर-घर जाकर सभी को मतदान करने का आग्रह किया इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्री केशव, इंडियन बैंक शाखा अटकोहना से शाखा प्रबंधक श्री गौरव जी वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता श्री रतीश कुमार सिंह, एएफसी सचिन, पत्रकार पांडेय जी आदि लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बारातियों से भरी बस को ट्रैक ने जोरदार मारी टक्कर

## दूल्हा और दुल्हन समेत दर्जनों घायल

## दुल्हा के चाचा की हुई मौत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो

गिरवर सिंह की रिपोर्ट



झाँसी कानपुर हाईवे पर बारातियों से भरी बस में ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी है, इस घटना में दूल्हे के चाचा की मौत हो गई है, जबकि दूल्हा दुल्हन समेत दर्जनो बाराती गंभीर रूप से घायल है, फिलहाल घटना की सूचना लगते ही सीओ समेत सर्किल का पुलिस बल मौके पर पहुंचा, और घायलों को उपचार के लिए मोठ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहाँ चिकित्सकों का उपचार किया गया, और गंभीर रूप से घायल बारातियों को झाँसी अस्पताल रेफर कर दिया।

झाँसी के मोठ कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 27 पर एक ढाबे के पास झाँसी से कानपुर की ओर जा रही बारातियों से भरी बस मे ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार थी कि झाँसी से कानपुर की ओर जा रही बस डिवाइडर लांघकर कानपुर से झांसी की ओर वाले मार्ग पर चली गई, इस घटना मे दूल्हे के चाचा रमेश की मौत हो गई है, जबकि बस मे सवार दूल्हा सूरज और दुल्हन संध्या भी गंभीर रूप से घायल हुई है, घटना की सूचना लगते ही मोठ नगर के समाजसेवी देवेंद्र गोसाई ने घायल पड़ी दुल्हन को अपनी कार के माध्यम से मोठ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, बारातियों की बस में करीब चार दर्जन लोग घायल हुए हैं, घटना की सूचना लगते ही मोठ पुलिस क्षेत्राधिकारी समेत सर्किल का पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहा चिकित्सकों ने घायलों का उपचार किया और हालत नाजुक होने पर आधा दर्जन लोगो की हालत नाजुक होने पर झाँसी अस्पताल रेफर कर दिया।

## *अनिल लॉरेंस. बस चालक ने बताया*

बारातियों से भरी बस में सवार दूल्हा सूरज के मुताबिक उसकी शादी झाँसी जिले में हुई थी, जहां से वह अपनी दुल्हन को लेकर बस में सवार होकर अपने रिश्तेदारों के साथ अपने घर कानपुर जा रहा था, जैसे ही वह मोठ कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 27 पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी बस में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाराती समेत सभी लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका मोठ ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है।

## सूरज दूल्हा बताया

मोठ पुलिस क्षेत्राधिकारी हरिमोहन सिंह के मुताबिक झाँसी से बारातियों से भरी बस कानपुर की ओर जा रही थी, जैसे ही बस मोठ हाईवे पर पहुंची तभी ट्रक ने बारातियों से भरी बस में टक्कर मार दी, इस घटना में करीब 35 लोग घायल हुए हैं, एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 8 लोगों की हालत नाजुक होने पर उन्हें झाँसी अस्पताल रेफर कर दिया गया है, वहीं घटना में दूल्हा दुल्हन भी घायल हो गए हैं, घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

# थ्रेशिंग के समय थ्रेसर से उठी चिंगारी से दो गांवों की फसल जलाकर हुई नष्ट





दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट

झाँसी के थाना शाहजहांपुर क्षेत्र के देगुवा गांव में थ्रेसिंग के दौरान उठी चिंगारी से आग भड़की जिस खेत में आग लग गई देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, तेज हवा के साथ आग की लपटे दूर-दूर तक उठने लगी और इस दौरान कई हजार बीघा की फसल जलती चली गई, और आग दूसरे बकुआ गांव तक पहुंच गई जिस गांव में भगदड़ मच गई, हालात इतने भयावा थे कि, जहां भी देखा सिर्फ आग ही आग दिखाई दे रही थी, लोगो ने आग पर काबू पाने का पूरा प्रयास किया लेकिन आज काबू से बाहर थी सूचना मिलते ही मौके पर उपजिलाधिकारी समेत कई थानों का पुलिस बल पहुंच गया और जिले के सभी दमकल स्टेशनों पर सूचना दी, सूचना के बाद आधा दर्जन दमकल की गाड़ियां वहां पहुंचती गई आज इतनी विकराल थी कि दमकल की गाड़ियां आग पर काबू ना पा सके, कई घंटो तक आग का तांडव देखने को मिला, हालात इतने बद से बत्तर हो गए थे कि किसानो के पास रोने के अलावा और कुछ करने को नही था। किसान अपनी फसल में लगी आग को बुझाते नजर आया, यह तस्वीर देख कई लोग भावुक हो गए, मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार के मुताबिक चिंगारी से आग लगी है, तेज हवा के साथ आग फैलती चली गई, जिसमें गेहूं की फसल नष्ट हो गई आग की चिंगारी कहा से उठी यह स्पष्ट नहीं हो सका है, मौके पर पहुंचकर जिले के सभी दमकल स्टेशनों को सूचना दी गई, तकरीबन आधा दर्जन गाड़ियां आग बुझाने में जुटी है, तेज हवा के साथ उड़ी आग पर काबू नहीं पाया जा पा रहा है, लेकिन काफी हद तक आग को काबू में कर लिया गया है, वही लेखपालों को तत्काल निर्देश दिए हैं और फसल जलने का सर्वे पाया जा रहा है, जिससे किसानों को मुआवजा राशि मिल सके।

# आगामी लोकसभा चुनाव बाराबंकी से सांसद आशा देवी रावत

## – प्रदेश अध्यक्ष लालजी यादव ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता



बाराबंकी। आगामी लोकसभा चुनाव में बाराबंकी सहित उत्तर प्रदेश के आधा दर्जन जनपदों में स्वतंत्रता अभिव्यक्ति पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी। जिनमे बहराइच, सीतापुर, अयोध्या, गोंडा, चंदौली बनारस व लखनऊ शामिल है। शुक्रवार को पार्टी के पहले उम्मीदवार की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष लाल जी यादव ने शहर के निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में की है। जिसके मुताबिक बाराबंकी से स्वतंत्रता अभिव्यक्त पार्टी की प्रत्याशी आशा देवी रावत है। जोकि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार से हैं और पिछली बार भी चुनावी मैदान में थी जिसमें उन्हें चौथा स्थान प्राप्त हुआ था। इस बार उन्हें उम्मीद है कि जनता उनका साथ देगी। इसके अतिरिक्त प्रेस वार्ता में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लालजी यादव ने बताया कि उनकी पार्टी से अहिल्याबाई गांव गरीब पार्टी का गठबंधन हुआ है। जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्रामपाल धनगर है। फिर उन्होंने एक-एक कर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। जिसमें जनपद के संबंध में किए जाने वाले कार्यों को प्राथमिकता देने की बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष लालजी यादव सहित सांसद पद की प्रत्याशी आशा रावत ने की है। उनका कहना है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में किसानों की फसल को डूबने से रोकने के लिए पुल का निर्माण कराया जाएगा। अब जो किसान की बात करेगा वह देश पर राज करेगा। इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष नसीम वारसी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजकमल भास्कर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पप्पी रावत, जिला सचिव टिल्लू पाठक, प्रदेश सचिव कृपा शंकर तिवारी सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित रहे।

# चुनाव प्रशिक्षण में गैर हाजिर मतदान कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराने के दिए जिला मजिस्ट्रेट श्री सत्येंद्र कुमार ने निर्देशं

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य

नारायण गुप्ता




बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट श्री सत्येंद्र कुमार ने जीआईसी ऑडिटोरियम में मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के सम्बंध में जानकारी ली और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में आप सब मतदान कार्मिकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। आप सभी लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें और निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने कार्मिकों को निर्देशित किया की वो गंभीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मतदान में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान कोई भी ऐसा कार्य या आचरण ना करें , जिससे आपकी सत्यनिष्ठा पर उंगली उठ सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में गैर हाजिर मतदान कार्मिकों के विरुद्ध सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने मतदान में पीठासीन अधिकारी की अहम भूमिका बताते हुए उन्हें निर्देश दिए कि वह अपनी जिम्मेदारी की अहमियत को समझ कर प्रशिक्षण के दौरान मतदान से संबंधित सभी जरूरी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल करें, ताकि सकुशल मतदान संपन्न कराने में उन्हें कोई सुविधा न हो।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री अ0सुदन ने मतदान प्रक्रिया के बारे में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सभी मतदान कार्मिक एकजुट होकर पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार के लापरवाही ना बरती जाए , इसका सभी लोग खास ध्यान रखें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया को बारीकी से समझने के लिए एक नाटक भी दिखाया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदाता अधिकारी द्वितीय और मतदान अधिकारी तृतीय की भूमिका को प्रदर्शित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री आशीष पाठक द्वारा पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ पर पोलिंग एजेंट की तैनाती, मतदान के लिए ईवीएम तैयार कर सील करने, पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल के बाद निर्धारित समय पर मतदान शुरू कराने के अलावा मतदान से संबंधित अन्य जरूरी प्रक्रिया एवं अभिलेखों को भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान कार्मिकों की समस्यायों का समाधान भी किया गया। जीआईसी ऑडीटोरियम में प्रशिक्षण उपरान्त राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षाओं में पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान हेतु ईवीएम तैयार करके सील करने तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया और उन्हें रिहर्सल भी कराया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी श्री भूषण कुमार, परियोजना निदेशक श्री मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री संतोष देव पांडेय , जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओपी त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा, जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा निर्वाचन में जिले में शांतिपूर्वक हुआ मतदान - सायं 5 बजे तक संसदीय क्षेत्र में 51 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान








## बुजुर्गों, दिव्यांगों तथा नए मतदाताओं ने उत्साह से किया मतदान

सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों के 1208 मतदान केंद्रों में प्रातः 7 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान आरंभ हुआ। मतदान शुरू होते ही कई मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारें देखी गईं। उत्सव के माहौल में बुजुर्गों, दिव्यांगों तथा पहली बार मतदाता बने युवाओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। जिले में कई मतदान केन्द्रों को आकर्षक ढंग से साज-सज्जा की गई थी। इसके साथ ही 34 सभी महिला मतदान कर्मियों के बूथ, एक दिव्यांग बूथ तथा 10 आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया था। पनवार चौहानन टोला के मतदान केंद्र को ग्रीन मतदान केंद्र के रूप में बनाया गया था। मतदान को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह रहा। सायं 5 बजे तक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में लगभग 51.24 प्रतिशत मतदान हो चुका था। निर्धारित समय सायं 6 बजे तक सभी मतदान केंद्रों में मतदान हुआ और निर्धारित समय के बाद भी लंबी कतारें लगी रही। जिले में सभी मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ।

जिले में प्रातः 5.30 बजे से भी मतदान केन्द्रों में मॉक पोल की प्रक्रिया आरंभ हुई। मॉकपोल के बाद प्रातः 7 बजे से वास्तवित मतदान आरंभ हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, सहित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, सेक्टर अधिकारी तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का सतत निरीक्षण करते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। छुटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

सायं 5 बजे तक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट में 45.3 प्रतिशत, 77-सीधी में 45.1 प्रतिशत, 78-सिहावल में 45.22 प्रतिशत, 79-चितरंगी में 51.75 प्रतिशत, 80-सिंगरौली में 54 प्रतिशत, 81-देवसर में 56.59 प्रतिशत, 82-धौहनी में 54.55 प्रतिशत एवं 83-ब्यौहारी में 57.84 प्रतिशत मतदान हुआ।

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सुबह से ही मतदान में तेजी रही। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में सुबह 9 बजे तक 13.57 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट में 11.58 प्रतिशत, 77-सीधी में 11.91 प्रतिशत, 78-सिहावल में 12.98 प्रतिशत, 79-चितरंगी में 14.65 प्रतिशत, 80-सिंगरौली में 14.09 प्रतिशत, 81-देवसर में 15.23 प्रतिशत, 82-धौहनी में 14.6 प्रतिशत एवं 83-ब्यौहारी में 13.76 प्रतिशत मतदान हुआ। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में सुबह 11 बजे तक 24.87 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट में 22.73 प्रतिशत, 77-सीधी में 23.5 प्रतिशत, 78-सिहावल में 24.21 प्रतिशत, 79-चितरंगी में 27.22 प्रतिशत, 80-सिंगरौली में 27.61 प्रतिशत, 81-देवसर में 27.07 प्रतिशत, 82-धौहनी में 28.1 प्रतिशत एवं 83-ब्यौहारी में 28.06 प्रतिशत मतदान हुआ। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में दोपहर 1 बजे तक 34.65 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट में 29.68 प्रतिशत, 77-सीधी में 29.5 प्रतिशत, 78-सिहावल में 30.91 प्रतिशत, 79-चितरंगी में 35.54 प्रतिशत, 80-सिंगरौली में 37.89 प्रतिशत, 81-देवसर में 38.51 प्रतिशत, 82-धौहनी में 37.1 प्रतिशत एवं 83-ब्यौहारी में 38.67 प्रतिशत मतदान हुआ। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में दोपहर 3 बजे तक 40.60 प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट में 35.75 प्रतिशत, 77-सीधी में 34 प्रतिशत, 78-सिहावल में 36.31 प्रतिशत, 79-चितरंगी में 41.46 प्रतिशत, 80-सिंगरौली में 43.57 प्रतिशत, 81-देवसर में 45.01 प्रतिशत, 82-धौहनी में 43.01 प्रतिशत एवं 83-ब्यौहारी में 46.12 प्रतिशत मतदान हुआ।

# जिला न्यायालय में हुआ आई.टी. जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## आईसीजेएस पोर्टल एवं सीआईएस तथा ई-प्रिजन से संबंधित तकनीकी पहलुओं के संबंध में हुई चर्चा




सीधी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री वीरेन्द्र जोशी की अध्यक्षता में आई.सी.जे.एस. पोर्टल, ई-प्रिजन तथा सी.आई.एस. के माध्यम से प्रकरणों की जानकारी तवरित गति से प्राप्त करते हुए ई-प्रिजन पोर्टल पर सुविधाजनक तरीके से आवश्यक जानकारियों की प्रविष्टि करने एवं सजायाफ्ता बंदियों की अपील प्रस्तुत कराने के संबंध में सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने हेतु जिला न्यायालय स्थित ए.डी.आर. मीटिंग हॉल में गुरुवार दिनांक 18.04.2024 को दोपहर 04:30 बजे से आई.सी.जे.एस. पोर्टल एवं सी.आई.एस. तथा ई-प्रिजन से संबंधित तकनीकी पहलुओं के संबंध में आई.टी. जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जूनियर सिस्टम एनालिस्ट श्री अभयंकर मिश्रा द्वारा आई.सी.जे.एस. पोर्टल एवं सी.आई.एस. तथा ई-प्रिजन पोर्टल के संबंध में जानकारी दी गई। श्री मिश्रा द्वारा सी.आई.एस. के बारे में एवं आई.सी.जे.एस. के अंतर्गत कॉलम की जानकारी दी गई। इससे समय की बचत होती है। श्री मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह डायरेक्ट वन डाटा एन्ट्री से लिंक है।

उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, जूनियर सिस्टम एनालिस्ट श्री अभयंकर मिश्रा, पैनल अधिवक्ता श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह एवं अन्य पैनल अधिवक्तागण सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साह के साथ किया मतदान




सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा भी उत्साह के साथ मतदान किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही ने सपरिवार लोकसभा निर्वाचन 2024 में अपने मतदान केन्द्र में अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसके साथ ही संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया। मतदान कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ईडीसी के माध्यम से अपने नजदीकी मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का उपयोग किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वह भी निर्भीक और निष्पक्ष रहकर अपने मताधिकार का उपयोग करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं।

# दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साह के साथ किया मतदान




सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के लिए मतदान 19 अप्रैल को मतदान किया गया, जिसमें जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में जिले के सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर तथा सहायक की व्यवस्था की गई थी जिससे वह सहज रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर सके। इसके पूर्व भी आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व्यक्तियों तथा दिव्यांगों को होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। जिले के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान केंद्र में पहुंचकर उत्साह के साथ अपने मताधिकार का उपयोग किया और लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता की।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 77-सीधी के मतदान केंद्र क्रमांक 229 के 91 वर्षीय मतदाता श्री रामलाल गुप्ता ने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर उत्साह के साथ मतदान किया। उन्होंने होम वोटिंग के स्थान पर मतदान केंद्र में पहुंचकर वोटिंग को प्राथमिकता दी। इसी प्रकार मतदान केंद्र क्रमांक 206 के 85 वर्षीय अर्जुन प्रसाद मिश्रा, मतदान केंद्र क्रमांक 229 में 67 वर्षीय प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्ति हो चुके ज्ञानधर द्विवेदी एवं मतदान केंद्र क्रमांक 229 के 84 वर्षीय मतदाता श्रीमती हिरमनिया गर्ग ने अपने मतदान केंद्र पहुंचकर उत्साह के साथ मतदान किया। 80 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता श्री मंगल रावत एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती तेरसी रावत ने मतदान कर अपना कर्तव्य निभाया।









# लोकतंत्र बचाओ हाथ बदलेगा हालत.. मेरे विकास का हिसाब दो कांग्रेस..

## लोकतंत्र और आम जनता को बचाना है तो हाथ से हाथ मिलाना है... नीटू सिकरवार

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**


सबलगढ़, सबलगढ़ शहर विकास के नाम पर खोखले वायदों और झूठी उम्मीदौ की भेंट कई वर्षों से चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है विधानसभा में कई बार भाजपा के विधायक रहे वर्तमान में भी भाजपा का विधायक है और पिछ्ले 2014 से बीजेपी के ही सासंद संसद में पहुंचते रहैहै लेकिन ना तो सवालों को लेकर संसद में कोई मुद्दा उठाया गया और नहीं सबलगढ़ विधानसभा में सबलगढके विकास का कोई प्रश्न उठाया गया जिसके कारण शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्र पिछड़ते चले जा रहे हैं शहर और ग्रामीण आमजन विकास तौ दूर धुटन महसूस कर रहा है महंगाई की मार और बेरोजगारी से जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है इसके अलावा शहर और ग्रामीण की मूलभूत समस्याएं जल विद्युत अतिक्रमण शिक्षा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की हठधर्मी भ्रष्टाचार दलालों की सक्रियता गोवंश की दुर्दशा साडौ से आम जनों की मृत्यु आज सभी समस्याएं आए दिन पनपतती जा रही हैं शहर सिकुड रहा है आवश्यकताऐ आवागमन और व्यापार बढ़ता जा रहा है ऐसा पहले कांग्रेस के समय में अराजकता का माहौल नहीं था देखा जाए तो शहर व्यवस्थित था और ना ही भ्रष्टाचार चरम सीमा पर था बस इतना जरूर रहा है कि कांग्रेस में केंद्र से लेकर राज्य जिला ब्लाक स्तर तक मुफ्त की रैवडिया



बिना काम के पैसा और राशन और नहीं घर बैठे लोगों को हराम का भोजन दिया जिससे कांग्रेस के शासन में लोग मेहनत करके कमाते थे और खाते थे जिससे व्यर्थ में समाज में बेरोजगारी महंगाई चोरी डकैती जैसी समस्याएं पैदा नहीं हुई थी और नहीं कोई किसी भी विभाग में दलाल सक़ीय था जिससे भ्रष्टाचार नहीं के बराबर था जबकि भाजपा के शासन में कई बेकार फजूल की योजनाएं चलाकर आम जनता और महिलाओं को आकर्षित करके अपने पक्ष में कर लिया है और बिना काम के पैसा देकर हरामखोर निकम्भा बना दिया है मजबूर होकर कांग्रेस को भी इनसे अधिक लाभ देने की योजनाएं लागू करनै चुनाव में बायदे किए जाते हैं ऐसा न करने पर जनता वोट नहीं देती है यदि सत्ता में आना है तो देश का पैसा व्यर्थ में लुटाना है यही बीजेपी का नियम है गरीबी अमीरी में भेद जातिगत नहीं होता आर्थिक आधार पर होता है समाज में गरीब अमीर और मध्यम वर्गीय सभी का होना जरूरी है क्योंकि जिसका जैसा स्तर होगा वह जितनी मेहनत करेगा उसे ही आर्थिक फायदा होगा हराम के पैसे से कोई अमीर नहीं बनता इसी से समाज का संतुलन बना रहता हैकांग्रेस सांसद प्रत्याशी नीटूसिकरवारने बताया कि राज्य सरकारै कर्ज लेकर मुफ्त में रैवडिया बांट रही है केंद्र में भी यही स्थिति है जिससे हमारा देश कर्ज में डूब रहा है और खोखला होता चला जा रहा है यदि लोकतंत्र को बचाना है तो कांग्रेस का साथ निभाना है और विकास को आगे बढ़ाना है क्योंकि 70 वर्ष भारत की बागडोर कांग्रेस के हाथ थी उसमें कहीं भी भ्रष्टाचार कर्ज अराजकता मुफ्त में पैसों को बांटना नहीं था लेकिन सनातन का प्रभाव कमथा भाजपा ने सनातन को लक्ष्य बनाकर भी जनता को लुभाने का प्रयास किया है जबकि सनातन को बचाने के लिए लोगों में संस्कार शिक्षा और पाश्चायत को बढ़ावा ना देना और इलेक्ट्रॉनिक युग को कम से कम बढ़ावा देना ही सनातन को जीवित रख सकता है कर्मचारियों की पेंशन को बंद करने में अटल बिहारी सरकार का योगदान है जो कर्मचारी 62 वर्ष अपने जीवन के सेवा में गुजरता है उसके बाद उसे पेंशन की जरूरत होती है जिसको बंद करने में सरकार का पूर्ण योगदान है भाइयों और बहनों लोकतंत्र और आमजन को बचाना है तो हाथ से हाथ मिलाना है और अपना वोट हाथ के पंजे पर देना हैतभीहाथवदलेगाहालात।।

# ग्राम पंचायत बामसोली में हुई धांधली अनियमितताओं की जांच ठंडे बस्ते में पड़ी

### बामसोली ग्राम पंचायत में हुए गुणवत्ता भी निर्माण कार्य जांच अधर में लटकी



कार्यालय, जिला पंचायत, मुरैना, म0प्र0
नवीन जिला पंचायत भवन चम्बल कॉलोनी मुरैना-476001, म.प्र. फोन नं. 07532.222500 (कार्यालय), ई-मेल आई.डी. ceozpmor@mp.gov.in,
कमांक/जि0पं0/जनसुनवाई./शिका/2022-23/10866 मुरैना, दिनांक-05-10-23
प्रति,
सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत बामसोली
जनपद पंचायत सबलगढ़
जिला मुरैना (म0प्र0)

कलेक्टर-जनसुनवाई
अति-आवश्यक

विषयः- जॉच में उपस्थिति होने बावत् ।
संदर्भः-कार्यालयीन पत्र कमांक/जनसुनवाई/2022/10586 मुरैना, दिनांक- 27.09.2023
-00-

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के परिपालन में कलेक्टर महोदय की जनसुनवाई दिनांक- 26.09.2023 को इस आशय की शिकायत प्राप्त हुई है कि आपके द्वारा निर्माण कार्यो अनियमिततायें की जा रही है एवं रपटा निर्माण एप्रोच रोड, नाली निर्माण, सुदूर खेत निर्माण आदि सहित अनेक कार्यो में अनियमिततायें की गई है ।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त शिकायत की जॉच हेतु मय अभिलेख के दिनांक- 09.10.2023 को नवीन जिला पंचायत भवन चम्बल कॉलोनी मुरैना में उपस्थिति रहें । उपस्थिति न होने की दशा में यह माना जावेगा कि आपके द्वारा उक्त कार्य किया जा रहा है जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

जॉच अधिकारी एवं
सहायक संचालक,
जिला पंचायत, मुरैना (म0प्र0)

पृ0कमांक/जि0पं0/जनसुनवाई./शिका/2022-23/10867 मुरैना, दिनांक-05-10-23
प्रतिलिपिः-
मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सबलगढ़ जिला मुरैना की ओर भेजकर लेख है कि संबंधित को पत्र की तामील कराकर पावती इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करें ।

जॉच अधिकारी एवं
सहायक संचालक,
जिला पंचायत, मुरैना (म0प्र0)

सबलगढ़/ जिला मुख्यालय मुरैना से महज 67 किलोमीटर की करीब दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बमसोली जनपद सबलगढ़ में हुए गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य रपटा निर्माण, नाली निर्माण, एप्रोच रोड, सुदूर खेत निर्माण, उक्त कार्य गुणवत्ता विहीन एवं मानकों के अनुरूप नहीं किए गए थे! जिसकी शिकायत धीरा रावत जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा द्वारा 26 सितंबर 2023 को करीब सात महापूर्व जनसुनवाई मुरैना एवं जिला पंचायत व जनपद पंचायत में की गई थी! शिकायतकर्ता धीरा रावत द्वारा अपने आवेदन में उक्त निर्माण कार्यों में हुई धांधली और भ्रष्टाचार को लेकर ठोस शिकायत संबंधित विभागों में की गई! उपरोक्त कार्यो की जांच आर ई ए एस के ई ई सुमन को सौंपी गई थी! बावजूद इसके भी छ्माह गुजर जाने के बाद भी आज दिनांक तक निर्माण कार्यों और अन्य कार्यों की कोई जांच संबंधित अधिकारी द्वारा नहीं की गई है! इससे कहीं ना कहीं ऐसा प्रतीत होता है कि चांदी की चकाचोंध के चलते जांच आधार में लटकती दिखाई दें रही है! आवेदक धीरा रावत के अनुसार उनके द्वारा बार-बार जिला पंचायत एवं आर ई एस में संपर्क साधा गया है फिर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच नहीं की जा रही है जिससे सरपंच सचिव के हौसले बुलंद बने हुए हैं यदि ऐसा ही चलता रहा तो गुणवत्ता भी निर्माण कार्य होते रहेंगे और ऐसे ही भ्रष्टाचार ब अनियमितता कार्यों में अपनाई जाएगी! और शासन की राशि का बंदर बाट होता रहेगा! अब देखना है क्या 6 महीने गुजर जाने के बाद भी उपरोक्त निर्माण कार्यों की जांच होती है और आवेदक शिकायतकर्ता को न्याय मिलता है या नहीं यह भविष्य के घर में छुपा हुआ है या फिर यूं ही गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य पंचायत में होते रहेंगे यह विचारणीय प्रश्न है!



## आपस में टकरा गाए टकराते ही दोनो बाइक में आग लग गई ओर ब्लास्ट हो गया दोनो गाड़ी में आग

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

भोपाल शाम 6 बजे रोन रिया गार्डन के पास मेन रोड पर 2 बाइक वाले आपस में टकरा गाए टकराते ही दोनो बाइक में आग लग गई ओर ब्लास्ट हो गया दोनो गाड़ी में आग लग गई ओर साथ ही बाइक में बैठे बाइक सवार 2 युवको में भी आग लग गई ब्लास्ट इत्ति तेज़ था की बाइक ओर युवक दूर जा कर गिरी दोनो बाइक पूरी तरह से जल गई ओर दोनो युवक बेहोश हो गाए ओर उन में भी आग लग गई तभी पटवारी संजीव ओर तहसील बाबु मोहित त्रिपाठी मोके पर पोहच गाए उन्होंने देखा रोड सुनसान थी तभी पटवारी संजीव व बाबु मोहित त्रिपाठी द्वारा युवकों के ऊपर मिट्टी ओर गजर घास के पोधो से आग बुझाने का प्रयास किया गया परंतु आग नहीं बुझी दोनो पटवारी ओर बाबु हिम्मत हार ही चुके थे तभी एक गाड़ी वाला आ गया उसकी गाड़ी में आग बुझाने का स्प्र रखा था जिससे युवकों के ऊपर डाला गया जिससे आग बुझ गई व युवकों को रोन अस्पताल भर्ती करवाया गया

## मतदान के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदान जागरूकता अभियान के तहत चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह। श्रीमान अंकित अस्थाना कलेक्टर जिला मुरैना स्वीप नोडल अधिकारी श्री इच्छित गढ़वाल एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर श्री अरविन्द सिंह माहोर के आदेश अनुसार श्री शारिब कौसर मुख्य नगर पालिका अधिकारी




अंबाह एवं नोडल अधिकारी नगर पालिका परिषद अंबाह की उपस्थिति में नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमे मतदाताओं एवं नगर पालिका आधिकारी / कर्मचारियों के हस्ताक्षर कराये गये

## बलात्कार के आरोपी को लहार पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

भिंड पुलिस डां अधीक्षक असित यादव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में एवं एसडीओ पी प्रवीण त्रिपाठी के द्वारा दिये गये विशेष निर्देश एवं मार्गदर्शन में थाना लहार को बलात्कार के एक आरोपी



को गिरफ्तार करने में मिली सफलता फरियादी ने थाना लहार में आकर आवेदन दिया था जिस पर कार्रवाई करते हुए लहार पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा, 376, के तहत अपराध कायम कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी लहार थाना प्रभारी रविन्द्र शर्मा द्वारा टीम गठित की गई और सायवर सेल की मदत से आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया गया।

# संवैधानिक गरिमा को भूलकर संवैधानिक पद पर होते हुए पार्टी विशेष के लिए वोट मांगना गैर संवैधानिक- डॉक्टर सतीश सिकरवार

### अंबाह में कांग्रेस द्वारा किया गया कार्यालय का उद्घाटन

### इंडिया गठबंधन में शामिल आप कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी हुए उद्घाटन में शामिल

### कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने दिलाया जीत का संकल्प व आश्वासन।

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अंबाह। वर्तमान में जैसे-जैसे फिजा में तापमान बढ़ रहा है वैसे-वैसे ही सियासी पारा भी जोर पकड़ रहा है संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी बनाए गए सतपाल सिंह सिकरवार नीतू भैया के द्वारा आज शुक्रवार को अंबाह में कार्यालय का उद्घाटन किया गया उद्घाटन के मुख्य अतिथि वर्तमान में विधायक ग्वालियर से डॉक्टर सतीश ने किया वहीं पत्रकार साथी द्वारा पूछे गए सवाल पर कि




संवैधानिक पद पर होते हुए वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा शिव मंगल सिंह तोमर के लिए पक्ष में वोट करने की अपील करना कहां तक जायज है इस विषय पर उन्होंने कहा कि संविधान के तहत एक संवैधानिक पद पर होते हुए पार्टी विशेष के लिए वोट मांगना गैर संवैधानिक है अगर वह संविधान तक को मानने को तैयार नहीं है तो इसमें हम क्या कर सकते हैं, तानाशाही चल रही है और हम कुछ कहने मात्र पर ही ईडी सीबीआई, जैसे सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, इस मौके पर अंबाह विधानसभा से विधायक देवेंद्र सकवार जिला अध्यक्ष कांग्रेस ग्रामीण मधुराज सिंह तोमर, पूर्व जनपद अध्यक्ष राम सिंह तोमर आम आदमी गठबंधन से शिवदत्त शर्मा लोकसभा इंचार्ज, प्रदेश संयुक्त सचिव विष्णु दत्त शर्मा प्रयागराज शर्मा ,संदीप सिंह तोमर, रामवृक्ष सिंह तोमर, भीमसेन सिंह तोमर सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता कांग्रेसी कार्यकर्ता व कार्यकर्ता पदाधिकारी गण मौजूद रहे और संकल्प लिया कि हम हर एक कार्यकर्ता नीटू सिकरवार है और हम यानी जीत का संकल्प उठाते हैं कि हमने यहां से अंबाह विधानसभा से जिस प्रकार से देवेंद्र सखबार को विजय बनाकर भोपाल पहुंचाया इस तरह नीतू सिकरवार को सांसद द्वारा दिल्ली पहुंचाने का संकल्प लेते हैं।

# सांसद संध्या राय की कार्यप्रणाली से लोग नाराज़, बार-बार कहने के बाद भी नहीं देती ध्यान

### *ग्राम सिंहपुरा में जिम्मेदारों की अंनदेखी के चलते नहीं हो रहा रोड निर्माण,आम रास्ते में दल-दल और जल भराव*

### *भाजपा की विचारधारा से जुड़े गांव की भाजपा सरकार में अंनदेखी*

**रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

लहार विधानसभा के ग्राम सिंहपुरा में गांव के अंदर का आम रास्ता जल भराव जैसे नाले और गहरे दल-दल में तब्दील हो चुका है गांव में यह हालत कई वर्षों से बने हुए हैं इस रास्ते में गर्मी के मौसम में भी लगभग दो फिट पानी भरा रहता है बरसात में तो यह रास्ता उफनते नाले में तब्दील हो जाता है और लोगों के घरों में पानी भर जाता है ,एक तरफ सरकार गांव- गांव में सड़क, बिजली,पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कह रही है ओर दुसरी ओर लहार विधानसभा के ग्राम सिंहपुरा गांव के अंन्दर के रास्ते में गड्ढों और जल भराव की समस्या के चलते ग्रामीण पिछले कई वर्षों से परैशानी उठा कर दल-दल में घुसकर





निकलने को मजबुर हो रहे हैं गांव के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता कोक सिंह चौहान ने बताया की गांव सिंहपुरा में रास्ते में भरे पानी और दल-दल को देखकर अच्छा नहीं लगता रास्ते में भरे गदें पानी दल-दल से गांव में दुर्गन्ध एवं बिमारियां फैल रही है मच्छर पनप रहे हैं गांव के आम रास्ते में दल-दल और गन्दे पानी का भराव का यह दृश्य सभी ग्रामवासियों के लिए शर्मिन्दगी महसुस करने जैसा है रोड निर्माण के विषय पर मेने कई,बार सांसद महोदय संध्या राय जी से निवेदन किया लेकिन हर बार झुठा आश्वासन देकर टाल दिया गया में संध्या राय जी की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं हूं यदि संध्या राय जी हम सभी ग्रामवासियों के निवेदन की ओर ध्यान देती तो हमारे गांव में सड़क का निर्माण हो गया होता हमारा पुरा गांव आजादी के बाद से आज तक भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुडा है और भाजपा सरकार एवं जनप्रतिनिधियो द्वारा ही हमारे गांव को शासन की विकास योजनाओं से वंचित रखा जा रहा है यह ठीक नहीं है जिम्मेदारों के इस अंनदेखी के रैवय का में विरोध करता हूं सांसद महोदय एवं लहार विधायक को शीघ्र हमारे गांव के रास्ते का निरीक्षण करवाकर गांव के अन्दर सड़क निर्माण एवं जल निकासी की व्यवस्था करवाना चाहिए जिससे हम ग्रामवासियों को महिलाओं बुजुर्गो बच्चों को दल-दल बने रास्ते से निकलने की समस्या से निजात मिल सके क्योंकि गहरे दल-दल में और गंदे पानी में घुसकर निकलने से पैर फिसलने के कारण आये दिन बुजुर्ग और बच्चे दल-दल में गिरते रहते हैं



## आधा सैकड़ा युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**राजीव राय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान**

मुंगावली/ विधानसभा में इस समय भाजपा का दामन थामने का सिलसिला जारी है, शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में करीब आधा सैकड़ा युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की , ये युवा किसी एक ग्राम के नही बल्कि विधानसभा क्षेत्र के अलग अलग ग्रामों के थे। सभी आए हुए युवा सर्व समाज के समलित युवा थे और उन्होंने भाजपा की सदस्यता को ग्रहण करने की वजह भाजपा सरकार की प्रगतिशील नीतियों को बताया। ये सभी युवाओं ने कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है सभी युवाओं को मुंगावली विधायक ब्रजेंद्र सिंह यादव द्वारा सदस्यता ग्रहण कराई गई और आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान कराने का संकल्प दिलाया गया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद युवाओं का मुंगावली विधायक द्वारा स्वागत अभिनंदन प्रेषित किया गया ।

# श्री राम मंदिर मेंरामनवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया




सबलगढ़ / रामनवमी का त्योहार श्री राम मंदिर सबलगढ़ में धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर अयोध्या के श्रीराम का श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम का सूर्य तिलक श्री राम मंदिर के अध्यक्ष गोपाल दास एडवोकेट द्वारा किया गया इस वक्त उनके साथ श्री राम मंदिर की कार्यकारिणी एवं श्री राम मंदिर के एकपुजारी कुढेरीराम शर्मा मौजूद थे । मंदिर की संपूर्ण व्यवस्थाएं पवन मंगल कोषाध्यक्ष एवं सचिव हरि ओम गुप्ता द्वारा व्यवस्थित तौर पर की गई मंदिर में सुबह से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई लोग पूजा पाठ और अर्चना करने लग गये थे । घरों में कन्याओ की पूजा और उनके पैर पखार कर कन्याओं को तिलक चंदन करके उन्हें पकवान खिलाऐ गऐ तत्पश्चात उन्हें दक्षिणाभेट स्वरूप दी गई । यहां तक की कन्याएं पूजा करने और भोजन खिलाने के लिए नहीं मिल रही थी । जगह जगह भण्डारे खिलायें जा रहे थे ।यह त्योहार वर्ष में एक बार महत्वपूर्ण माना जाता है ।लोग अपने दूर के परिजनों को व्हाइटशाप , फेसबुक, इंस्टाग्राम तथा ट्विटर पर रामनवमी के अवसर पर शुभकामनाएं और बधाइयां मैसेज करते हुए देखे गए ।यह त्यौहार विदेशो में जहां भारतीय नागरिक रहते हैं वहां धूम धाम से मनाये जाने की खबरे मिल रही है ।यह त्यौहार लोग अपनी कामनाओं की पूर्ति हेतु नौ व्रत रख कर देवी की तरह से पूजा अर्चना करते हैं ।यह त्यौहार साल में दो बार आता है । श्री राम मंदिर में सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया



## श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकली शोभा यात्रा

**रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान**

विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में अलमपुर नगर में श्री रामजन्मोत्सव की शौभायात्रा निकाली गई जिसमें नगर के हिन्दु समाज के जाग्रत समाज एकत्रित हुआ यह यात्रा बड़ी माता मन्दिर से प्रारम्भ होकर नगर परिक्रमा निकाली गई जिसमें जिसमें कार्यकर्ता डीजी की धून पर नाचते हुये निकले जिसमें अयोजन की मुख्य भूमिका दिनेश रजक समाज सेवी वीरेन्द्र बाथम जिला सह संयोजक बजरंगदल मनोज शर्मा जिला गौरक्षा प्रमुख रविन्द्र कौरव रवि प्रखंड सह मंत्री सत्यम शर्मा नगर उपाध्यक्ष संतोष रायकवार द्वारका मुखिया समाजसेवी केपी बुंदेला नगर उपाध्यक्ष बलराम कुशबाह जीतेन्द्र रायकवार नगर संयोजक बजरंगदल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# नगीना में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ मतदान




**नगीना बिजनौर केसरिया हिंदुस्तान**

नगीना । नगीना मे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुआ मतदान।

पांच विधानसभा क्षेत्र वाली नगीना लोकसभा सुरक्षित सीट के लिए भाजपा के ओम कुमार ,सपा के मनोज कुमार ,बसपा के सुरेंद्र पाल व आसपा के चंद्र शेखर रावण सहित कुल 6 उम्मीदवार हैं , शुक्रवार को मतदान के दिन नगीना में अधिकांश मतदान केंद्रों के बूथों पर वोट डालने के लिए सुबह सवेरे 7 बजे से ही महिला -पुरुष मतदाताओं की लंबी -लंबी लाइनें लगी रहीं पूर्वन है 11 बजे तक मतदान में कुछ तेजी देखी गई लेकिन दोपहर में मतदान गति धीमी रही तथा बाद में अपरान्ह 3 बजे से मतदान में पुन॰ तेजी देखी गई सभी मतदान केदो पर अर्धसैनिक बलों के साथ पुलिसकर्मी तैनात रहे ,नगीना में मतदान के प्रति मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया विकलांग मतदाताओं ने भी व्हील चेयर से मतदान केदो पर पहुंचकर अपने मतों का प्रयोग किया। मोहल्ला बिश्नोई साराय की बीएलओ रचना द्वारा वोटर पर्ची का वितरण न किए जाने के कारण तमाम मतदाता परेशान देखे गये। मतदान के अवसर पर सभी प्रकार की दुकान बंद होने के कारण बाजारों में सन्नाटा छाया रहा पुलिस की सख्ती के कारण इस बार लोग बेवजह सड़कों पर घूमते नजर नहीं आये डीआईजी व पुलिस अधीक्षक ने मतदान केदो का निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# 91 केन्द्रों पर आयोजित सास बहू ननद सम्मेलन में लगभग चार हजार सदस्यों ने किया प्रतिभाग

**रानी केसरिया हिंदुस्तान**

**ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता**

बाराबंकीः 19 अप्रैल। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 91 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 3920 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

बाल विकास परियोजना मसौली के आंगनबाडी केन्द्रों पर सम्मेलन के माध्यम से मतदान जागरूकता का प्रचार किया गया जिसमें उपस्थित प्रतिभागियों के साथ-साथ समस्त ग्राम वासियों ने भी शपथ लिया कि हम मतदान अवश्य करेगें। बाल विकास परियोजना रामनगर में सास बहू सम्मेलन में ग्राम की महिलाओं को इक्कठा किया गया जिसमें समस्त महिलाओं ने कहा हम सभी लोग अपना काम छोड़कर मतदान स्थल पर अपने पूरे परिवार के साथ मतदान करेगें। रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। ब्लॉक निन्दूरा में सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से मतदान करने हेतु सभी ग्रामवासियों को प्रेरित किया गया। समस्त गाम वासियों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली तथा मतदान करने हेतु अन्य लोगों को प्रेरित करने का आश्वासन दिया ।


बाल विकास परियोजना बनीकोडर में सम्मेलन में उपस्थित प्रतिभागिया ने कहा कि एक एक वोट से बनती सरकार इसलिये पहले मतदान बाद में अन्य कार्य। दरियाबाद में उपस्थित समस्त प्रतिभागिया को अवगत कराया गया कि मतदान से हमारा लोकतन्त्र मजबूत होता है इसलिये मतदान अवश्य करें जिसके लिए प्रतिभागियों ने शपथ ली। इसी प्रकार पूरेडलई में सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि हम परिवार सहित वोट अवश्यक डालेगे। बाल विकास परियोजना हरख में सास बहू ननद सम्मेलन में उपस्थित प्रतिभागियों ने कहा कि हम परिवार सहित वोट डालने अवश्य जायेगें। सिद्धौर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि में व मेरे परिवार के सभी सदस्य वोट डालने अवश्य जायेगें। अपने मत के प्रयोग के साथ दूसरे को भी प्रेरित करेंगी। सभी ने एक स्वर में कहा ÷सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो।



# बीएचयू में तीन महिना में राष्ट्रीय ध्वज नहीं लगा पर तीन दिन में छात्रावास सें निष्कासन आ गया

**रिपोर्टर घनश्याम कुमार की रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से ।**

काशी हिंदू विश्वविद्यालय में तिरंगा झंडा आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्रनेता एवं महानगर मंत्री भाजपा यूवा मोर्चा विवेक सिंह अभिषेक पर विश्वविद्यालय प्रशासन सख्त रवैया अपनाया हुआ है। पिछ्ले दिनों जब विवेक सिंह आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे उसी वक्त छात्रावास के वार्डेन विनायक दुबे द्वारा विवेक सिंह के वॉट्सएप पर छात्रावास कैंसिल का नोटिस भेजकर दबाव बनाया गया था। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा एक बार फिर नोटिस देकर मानसिक दबाव बनाया गया है कि विवेक सिंह तिरंगा झंडा आंदोलन को रोक दें। 2023-2024 सेशन को लगभग अंत होने के बावजूद छात्रावास वार्डेन विनायक दुबे के द्वारा तिरंगा झंडा आंदोलन को रोकने का प्रयास करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। विवेक सिंह ने कहा कि वे परिसर में राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं पर




विश्वविद्यालय के कुछ अधिकारीगण राष्ट्रीय ध्वज स्थापित करने के विपरीत सोच रखते हैं तथा मुझे भी कई तरीकों से परेशान किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि कभी भी छात्रावास कैंसिल नहीं हो सकता और यदि प्रशासन कैंसिल कर भी रही है तो नियमानुसार कम से कम 15-20 दिनों का समय दिया जाना चाहिए । विवेक सिंह ने कहा कि जल्दी हीं तिरंगा झंडा स्थापित करने के मांग को लेकर वे विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर आमरण अनशन करेंगे और तब भी अगर विश्वविद्यालय प्रशासन राष्ट्रीय ध्वज को लगाने में असमर्थ रहेगी तो आत्मदाह भी करुंगा। विवेक सिंह ने कहा कि 3 महीने से कमेटी यह तय नहीं कर पा रही है कि विशाल राष्ट्रीय ध्वज परिसर में स्थापित होगा या नहीं पर 3 मिनट में मुझे नोटिस आ जा रहा है , ये दर्शाता है कि विश्वविद्यालय के कुलपति,अधिकारी तथा वार्डेन विनायक दुबे नहीं चाहते हैं कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज स्थापित हो सके ।विवेक सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा हमारी शान है और इसके सम्मान में आगे तक लडाई जारी रहेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के इस रवैया का कडी आलोचना सभी छात्रों ने एक साथ की है ।

# ब्राह्मण महासभा में बसेड़िया बने जिला उपाध्यक्ष



भिंड। ब्राह्मण महासभा की जिला कार्यकारिणी में समाजसवी अजय गुड्डू बसेड़िया को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।उनका मनोनयन जिलाध्यक्ष पं. सतीश जोशी द्वारा किया गया है।इसके साथ ही अपेक्षा की गई है कि बसेड़िया समाज को संगठित करने और आगे बढ़ाने के लिए भरपूर सहयोग करेंगे।अपने मनोनयन पर बसेड़िया ने संगठन नेतृत्व को भरोसा दिलाया है कि वे सौंपी गई जम्मेदारी को समाज के लिए सही प्रकार से निर्वहन करेंगे और समाज को जिले में मजबूत करेंगे। बसेड़िया को जिला उपाध्यक्ष बनने पर रमेश पाठक,सुरेश बरुआ,महेश बरुआ,प्रेम शर्मा,अतुल मिश्रा,जीतू शर्मा आदि लोगों ने बधाई दी।





# श्री भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 21 को

**अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट**

अम्बाह। श्री1008 भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को अम्बाह में विराजमान आर्यिका श्री श्री 105 विश्रेय श्री माताजी के सानिध्य में दिन रविवार को बड़े ही उत्साह के साथ मनाई जाएगी। रथ यात्रा सुबह 9.10 से आदिनाथ दिगम्बर छोटा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर पुराने बाजार होते नगर पालिका होते हुए पीपल चौराहे होते हुए सदर बाजार परेड चौराहे होते हुए जैन बगिची पहुंचेगी वहा पर भगवान महावीर स्वामी जी का पांडुशिला पर अभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात सभी के स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई है।

*महावीर जयंती पर होंगे अनेक कार्यक्रम*

प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी आदिनाथ जिनालय से प्रारंभ होकर नगर में भ्रमण करती हुई बड़ा जैन मंदिर में पहुंचेगी

प्रातः 8 बजे सिविल अस्पताल में फल वितरण

प्रातः 9.10 रथ यात्रा प्रारंभ

प्रातः 11 बजे पांडुशिला पर जलाभिषेक

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

## मेंहदी, रंगोली व स्लोगन रचकर मतदाताओं को किया जागरूक

### रैली निकालकर 7 मई को मताधिकार का उपयोग करने का दिया संदेश

दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान- समाचार पत्र

ग्वालियर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिले में स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एज्यूकेशन एण्ड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ जारी हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को माधव कॉलेज में मेंहदी, रंगोली व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर रैली निकालकर क्षेत्रीय मतदाताओं को 7 मई के दिन मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मतदान के महत्व पर केन्द्रित मनमोहक मेंहदी उकेरीं। साथ ही आकर्षक व मंत्रमुग्ध करने वाली रंगोली बनाई। प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक स्लोगन का सृजन भी किया।




रंगोली प्रतियोगिता में निखिल नामदेव प्रथम, रौनक द्विवेदी द्वितीय व शीतल शाक्य को तृतीय स्थान का पुरस्कार मिला। स्लोगन प्रतियोगिता में रौनक द्विवेदी को प्रथम, सक्षम सैनी को द्वितीय और रोहन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह मेंहदी प्रतियोगिता में भूमि गुप्ता प्रथम, टीना चौधरी द्वितीय एवं रितेश सेन तृतीय स्थान पर रहे। इस आयोजन में माधव महाविद्यालय के प्राचार्य श्री संजय रस्तोगी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय पाण्डेय व बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती दीपिका रावत सहित आंगनबाड़ी की पर्यवेक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका भी शामिल हुईं।

# 183 अक्षर का इंग्लिश मीनिंग सुनाकर बीसीए टीम के अनुष्का-जयराज विजयी

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

**(इंग्लिश मीनिंग कॉम्पटीशन में शैलेन्द्र, यशस्वी टीम ने द्वितीय, तथा तमन्ना, अश्लेषा और अनुज टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया**




अम्बाह॰ अंचल में पहली बार हुए लार्ज इंग्लिश मीनिंग कॉम्पटीशन में ब्राइट कैरियर टीम की अनुष्का चौहान और जयराज सिंह ने 183 अक्षरों का मीनिंग सही-सही सुनाकर और विदाउट मिस्टेक लिखकर ट्राफी अपने नाम कर ली।

द्वितीय स्थान पर विक्ट्री टीम के शैलेन्द्र शर्मा और यशस्वी शर्मा रहे, जबकि तीसरा स्थान जुनियर टीम में तमन्ना तोमर, अश्लेषा श्रीवास्तव और अनुज तोमर ने प्राप्त किया।

मुख्य वक्ता डॉ सुधीर आचार्य ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि ब्राइट कैरियर एकेडमी टीम की अनुष्का और जयराज ने 183 अक्षर का ÷ Lopado-temacho-selacho-galeo-kranio-leipsano-drim-hypo-trimmato-silphio-karabo-melito-katakechy-meno-kichl-epi-kossypho-phatto-perister-alektryon-opte-kephallio-kigklo-peleio-lagoio-siraio-baphe-tragano-pterygon

लोपाडोटेमाचोसेलाचोगेलेओक्रानियोलेइप्सानोड्रिमहाइपोट्रिमेटोसिलफिओकाराबोमेलिटोकाटेकेचिमेनोकिचलेपिकोसीफोफैट्टोपेरिस्टेरेलेक्ट्रीओनोप्टेकेफालियोकिग्क्लोपेलेइओलागोइओसिरायओबाफेट्रागा.. शब्द सुनाकर अपनी प्रतिभा को प्रमाणित किया है। इसी प्रकार द्वितीय स्थान पर रही टीम ने 103 अक्षरों का और तृतीय स्थान पर रही टीमों के बच्चों ने 84 अक्षरों का मीनिंग सुनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इंग्लिश मीनिंग कॉम्पटीशन के लाभों की चर्चा करते हुए सुधीर आचार्य ने कहा कि बच्चों की याददाश्त बढ़ाने, परखने और शब्दकोश में इजाफा करने में यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है। इसका फायदा प्रतियोगी परीक्षाओं में भी मिलता है। प्रतियोगिता संयोजन इंग्लिश स्पोकर गौरव शर्मा ने किया। टीम कार्डिनेशन एवं संचालन विश्वनाथ सिंह गुर्जर ने किया। गूगल टेक्नीशियन एवं टाइमर गुरु की भूमिका राहुल गुप्ता और रविशकांत कटारे ने निभायी।

# ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कुल 22 उम्मीदवारों ने दर्ज कराई है अपनी नामजदगी

## आखिरी दिन 11 प्रत्याशियों ने भरे नामांकन

### 20 अप्रैल को होगी नाम निर्देशन पत्रों की जाँच और 22 अप्रैल तक लिए जा सकेंगे नाम वापस

ग्वालियर -*/- ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में कुल 22 उम्मीदवारों द्वारा अपनी नामजदगी दर्ज कराई गई है। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के आखिरी दिन यानि शुक्रवार 19 अप्रैल को 11 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फॉर्म कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान को सौंपे। ज्ञात हो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत 12 अप्रैल को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद 18 अप्रैल तक कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन भरे गए थे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन के आखिरी दिन वीरेन्द्र विलास पटेल नगर सिटी सेंटर निवासी गजेन्द्र सिंह ने निर्दलीय, कबीर नगर ठाठीपुर निवासी मुनेश नागर ने विकास इंडिया पार्टी, अशोक कॉलोनी मुरार निवासी मुकेश कुमार कोरी ने बहुजन मुक्ति पार्टी व गरम सड़क मुरार निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह पाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए। इनके अलावा नारायण विहार कॉलोनी गोले का मंदिर निवासी अमित परिहार ने निर्दलीय, हरिजन कॉलोनी हेमसिंह की परेड निवासी योगेन्द्र सिंह यादव ने इंडियन नेशनल कांग्रेस व निर्दलीय, निम्माजी की खो जीवाजीगंज ग्वालियर निवासी राकेश धाकड़ ने निर्दलीय, ग्राम ख्यावदाकला जिला शिवपुरी निवासी सुश्री अंजली रावत ने परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया, हीरामन बाबा के सामने अजयपुर पटियावाला मोहल्ला सिकन्दर कम्पू निवासी श्री नरेशचंद शर्मा ने निर्दलीय, बसाई बेडोरा जिला झाँसी उत्तरप्रदेश निवासी श भरत पाल ने आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एवं ग्राम पहाडीरावत जिला दतिया निवासी श्री हरदास ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन के आखिरी दिन अपनी नामजदगी दर्ज कराई।




नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जाँच) 20 अप्रैल को होगी। 22 अप्रैल 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन सभी दिवसों में प्रात॰ 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक यह कार्यवाही संपादित होगी। ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में 7 मई को मतदान और 4 जून को मतगणना होगी।

## कुल उम्मीदवारों की सूची

**क्रं. अभ्यर्थी का नाम दल**

1. रचना अग्रवाल सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)
2. डॉ. पी डी अग्रवाल (वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ) निर्दलीय
3. राम प्रकाश सिंह पाल राष्ट्र उदय पार्टी
4. चन्दन राठौर परिवर्तन समाज पार्टी
5. भारत सिंह कुशवाह भारतीय जनता पार्टी
6. प्रवीण पाठक इंडियन नेशनल कांग्रेस
7. दीपक कुमार बंसल निर्दलीय
8. यशदेव शर्मा निर्दलीय
9. कल्याण बहुजन समाज पार्टी
10. अर्चना राजपूत राष्ट्रीय समाज पक्ष
11. आनंद सिंह कुशवाह (रामायणी) निर्दलीय
12. गजेन्द्र सिंह निर्दलीय
13. मुनेश नागर विकास इंडिया पार्टी
14. मुकेश कुमार कोरी बहुजन मुक्ति पार्टी
15. महेन्द्र प्रताप सिंह पाल निर्दलीय
16. अमित परिहार निर्दलीय
17. योगेन्द्र सिंह यादव इंडियन नेशनल कांग्रेस
18. राकेश धाकड़ निर्दलीय
19. अंजली रावत परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया
20. नरेश चन्द्र शर्मा निर्दलीय
21. भरत पाल आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)
22. हरदास निर्दलीय

केसरिया हिन्दुस्तान

# अंधे कत्ल का 24घंटे में पर्दाफाश कर हत्या का खुलासा

**सत्यनारायण बैरागी पत्रकार भानपुरा**

श्री अनुराग सुजानिया (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक जिला मन्दसौर के निर्देशन में एवं श्रीमती हेमलता कुरील, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) एवं श्री राजाराम धाकड़ एस.डी.ओ.पी. गरोठ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गरोठ श्री प्रभात गौड़ के कुशल नैतृत्व में पिता के हत्यारे बेटे को 48 घंटे में गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा करने में सफलता मिली ।

कार्य का विवरण - दिनांक 15.04.24 को फरियादी विक्रम सिंह पिता गंगाराम सौंधिया राजपूत उम्र 28 साल निवासी जूनापानी थाना गरोठ ने रिपोर्ट किया कि कुशाल सिंह पिता कालुसिंह सौंधिया राजपूत उम्र 45 साल निवासी जूनापानी की अज्ञात व्यक्तियो ने धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी है तथा शव को जमीन में गाड़ दिया है । फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना गरोठ पर अपराध क्रं. 157/2024 धारा 302,201 भादवि का पंजीबध्द किया जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण की विवेचना के दौरान मौके पर वरिष्ट अधिकारीगण पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अनुराज सुजानिया , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय गरोठ श्रीमती हेमलता



कुरील , एस.डी.ओ.पी. गरोठ श्री राजाराम धाकड़ मोके पर आये प्रकरण की बारिकी से विवेचना की जाकर तकनीकी साक्ष्य एकत्रित करने हेतु डॉग स्कॉट व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की मदद ली गई । विवेचना के दौरान मिले तकनिकी साक्ष्यो व संदेह के आधार पर मृतक कुशाल सिंह के पुत्र कृपाल सिंह पिता कुशाल सिंह उम्र 21 साल निवासी जूनापानी को राउण्डअप किया गया तथा विस्तृत पूछताछ की गई संदेही कृपाल सिंह पहले घटना के संबंध में सही जानकारी न देकर गुमराह करता रहा तथा बारीकी से पूछताछ करने पर कृपाल सिंह टूट गया व बताया कि मृतक पिता कुशाल सिंह आये दिन उसके साथ मारपीट करता था व भेदभाव करता था घर के पूरे रुपये पैसो का हिसाब किताब अपने पास रखता था, खर्चे के लिए रुपय मांगने पर नही देता था व मारपीट करता था । जिससे परेशान होकर पिता कुशाल सिंह को अपने रास्ते से हटाने के लिए अपने दूर के रिश्ते में मामा गोर्वधन सिंह पिता गोपाल सिंह निवासी रतनपुरा थाना मिश्रोली जिला झालावाड राजस्थान से बातचीत किया। दोनों ने कुशाल सिंह को जान से मारने की योजना बनाई कृपाल सिंह ने गोवर्धन सिंह से अपने पिता की हत्या करने के लिए ढेड लाख रुपये देने की बात कर के नगद बीस हजार रुपये एडवांस में गोर्वधन सिंह को दिया था । योजना के मुताबित दिनांक 14-15.04.24 की दरमियानी रात गोर्वधन सिंह अपने अन्य साथियो धीरप उर्फ धीरुलाल पिता बगदू लाल मेघवाल उम्र 25 साल साल निवासी रतनपुरा तथा रोडू लाल पिता फतेराम मेघवाल उम्र 30 साल निवासी रतनपुरा को साथ लेकर ग्राम जूनापानी आया तथा अपने मोबाईल फोन से फोन करके कृपाल सिंह को अपने पास बुलाया बाद चारो गोवर्धन सिंह की मोटरसाईकल से मृतक कुशाल सिंह के खेत पर गये तथा चारों ने मिलकर कुल्हाडी व लकडी से मृतक कुशाल सिंह को मार कर उसकी हत्या कर दी तथा मृतक के शव को मृतक के खेत के पास रोड किनारे खाई में रख कर शव के उपर मिट्टी डाल कर गाड दिया ।

गिर0 आरोपी का नाम :- 1. कृपाल सिंह पिता कुशाल सिंह उम्र 21 साल निवासी जूनापानी थाना गरोठ जिला मंदसौर

2. गोवर्धन सिंह पिता गोपाल सिंह सौंधिया राजपूत उम्र 26 साल निवासी रतनपुर थाना मिश्रोली जिला झालावाड राजस्थान

3. धीरप उर्फ धीरुलाल पिता बगदुलाल मेघवाल उम्र 25 साल निवासी रतन पुरा थाना मिश्रोली जिला झालावाड राजस्थान

4. रोडु लाल पिता फतेराम मेघवाल उम्र 30 साल निवासी रतनपुरा थाना थाना मिश्रोली जिला झालावाड राजस्थान

सराहनीय कार्य:- उक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रभात गौड़ थाना प्रभारी गरोठ , उनि बापूसिंह बामनिया, उनि भारत कटारा, उनि मनोज महाजन, उनि सुभाष गिरी, सउनि धन्नालाल योगी, सउनि लक्ष्मीलाल जोशी, सउनि बलवानसिंह देवडा, सउनि गजानन्द शर्मा ,प्रआर 47 चत्तरसिंह देवडा, प्रआर 189 पूनम कणिक, प्रआर 601 प्रदीप यादव, आर 348 संजय देंतवार, आर 110 रामकरण, आर 873 पवन, आर 757 अशोक कागडे, आर 497 राजेंद्र सिंह, आर 810 पंकेश कुमावत, आर 904 सुरेश मईडा, आर 482 मुख्त्यार, आर 503 मनोहर, आऱ 209 अंकीत, आर 29 राहुल , आर 244 बाबुलाल, आर 726 संजय बम्बोरिया, आर 561 विकास का सराहनीय योगदान रहा ।



## टीकमगढ़ में मुख्यमंत्री ने किया रोड शो:कांग्रेस पर लगाया देश को तोड़ने का आरोप

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह /जिला ब्यूरो**

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार दोपहर टीकमगढ़ पहुंचे। पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड से वाहनों के काफिले के साथ गांधी चौराहा पहुंचकर रोड शो की शुरुआत की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। 41 डिग्री टेंपरेचर में सीएम ने लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार के साथ करीब 3 किमी लंबा रोड शो किया। शहर के मिश्रा तिराहे पर रोड शो के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी देश को तोड़ने की बात करते हैं। कांग्रेस ने पहले भी राम मंदिर के मुद्दे पर हिंदू और मुसलमान को बांटने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में सभी वर्गों के लोग एकजुट होकर देश के विकास में सहभागी बन रहे हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हुए। हाल ही में ईद और रामनवमी का पर्व देश भर में लोगों ने आपसी सौहार्द के साथ मनाया। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि 21वीं सदी का भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। सीएम के रोड शो से पहले नजरबाग मंदिर के सामने भाजपा नेता अंशुल खरे, विजय श्रोतिय ने समर्थकों के साथ मुख्यमंत्री को श्रीराम दरबार भेंट किया।

सूट शो के दौरान प्रचार रथ में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ टीकमगढ़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ वीरेंद्र कुमार और जिला अध्यक्ष अमित नुना साथ रहे। इसके अलावा जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, निवाड़ी विधायक अनिल जैन, पूर्व विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, लोकसभा चुनाव के संयोजक विवेक चतुर्वेदी वाहन में सवार रहे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट डालने की अपील की।

## सिंगरौली से जुड़ी रीवा की मुस्कान के सिर सजा 'मिस इंडिया' इंटर नेशनल स्टार' का ताज

### चंडीगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान सभी को पछाड़ मुस्कान ने जीता मिस इंडिया का खिताब

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली/- सिंगरौली से जुड़ी रीवा शहर की रहने वाली मुस्कान सिंह ने %मिस इंडिया% इंटरनेशनल स्टार का ताज अपने नाम किया है।गौरतलब हो कि चंडीगढ़ के सीजीसी कॉलेज में आयोजित मिस्टर एंड मिस इंडिया इंटरनेशनल



स्टार 2024 की प्रतियोगिता में विजेता के नाम की घोषणा की गई,जहां सभी को पछाड़ते हुए %मिस इंडिया इंटर नेशनल स्टार% का ताज% मुस्कान सिंह राठौड़ ने अपने नाम किया है।बताते चलें कि एनएफएमजी नाम की संस्था द्वारा इस तरह की प्रतियोगिता देश के सभी राज्यों में आयोजित की गई थी।वहां के विजेता प्रतिभागियों ने इसमें हिस्सा लिया।मुस्कान शुरू से ही इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेती रही हैं।स्कूल में पढ़ाई के दौरान भी वह प्रतियोगिताओं में भी जीत हासिल करती रही हैं।वहीं इस प्रतियोगिता में मिस्टर इंडिया का खिताब हितेश बुलुसू ने जीता है।

### सिंगरौली जिले के देवसर न्यायालय में पदस्थ हैं मुस्कान के पिता


सिंगरौली जिले के देवसर न्यायालय में मुस्कान के पिता बतौर जिला न्यायाधीश के पद पर पदस्थ हैं। मुस्कान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील न्यायालय देवसर सुधीर सिंह राठौड़ की बेटी हैं जो सिंगरौली जिले से भी जुड़ी हुई हैं।उन्होंने बताया कि परिश्रम,प्रयास,पाने की चाह,त्याग, सफलता पाने की चाबी है,इन्हे अपने जीवन के मूल मंत्र बनाने से ही कामयाबी मिलती है।मुस्कान ने इस सफलता का श्रेय प्रमुख रूप से अपने माता-पिता और गुरू जनों सहित परिवार जनों एवं शुभचिंतकों को दिया है।मुस्कान की इस सफलता पर सिंगरौली जिले के लोगों ने भी प्रसन्नता जाहिर करते उन्हें ढ़ेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं ज्ञापित किया है।साथ ही देवसर न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों-कर्मचारियों,अधिवक्ता गणों सहित अन्य जनों ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

## कलेक्टर ने मतदान केन्द्र क्रमाक 163 में किया मतदान

जिला पंचायत सीईओ ने भी धर्मपत्नी के साथ किया मतदान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली 19 अप्रैल/- संसदीय क्षेत्र 11 सीधी के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिंगरौली जिले जिले की तीनो विधानसभा क्षेत्र 79 चितरंगी, 80



सिंगरौली तथा 81 देवसर विधानसभा क्षेत्र में मतदान संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन श्री चन्द्रशेखर शुक्ला ने मतदान केन्द्र क्रमांक 163 में मतदान किया। वही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश ने सपत्नीक श्रीमती रंजना सिंह लोकतंत्र के महा पर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि सिंगरौली जिले के सभी मतदाता लोकतंत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकउत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे।

# प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, समाज की पंचायत ने किया खुलासा, अब पुलिस के पाले में मामला

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/मनोज सिंह /जिला ब्यूरो

प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने के बाद नाटकीय रूप से पुलिस के सामने झूठे बयान देकर मामले को ठंडे बस्ते में भेज दिया लेकिन समाज की पंचायत को यह बात हजम नहीं हुई और उसने मृतक की पत्नी पर दबाव बनाकर सच उगलवा ही लिया। अब मामला पुलिस के पास है। अपराधी कितना भी चालाक हो लेकिन कानून एक ना एक दिन उसे पकड़ ही लेता है लेकिन टीकमगढ़ जिले के एक हत्याकांड में तो कानून के हाथ भी ढीले पड़ गए लेकिन समाज की पंचायत ने दबाव बनाकर मृतक की पत्नी से आखिर सच उगलवा ही लिया।

मामला पुलिस थाना चंदेरा के अंतर्गत बापू नगर का है, जहां पंचायत के सामने प्रेमी और प्रेमिका ने अपने अपराध को स्वीकार कर अपने बयान में स्पष्ट उल्लेख किया है कि मृतक की पत्नी से उसके नाजायज संबंध थे, जिसके चलते उसने प्रेमिका के पति की हत्या की थी। जानकारी के अनुसार रमेश अहिरवार 15 जनवरी को घर से लापता हो गया था, इसके बाद चंदेरा पुलिस ने 25 जनवरी को बीरपुरा गांव के पास एक गड्ढे से उसकी लाश को बरामद किया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया था और विवेचना के नाम पर खानापूर्ति की गई थी लेकिन समाज के लोग इसे हत्या मान रहे थे और लगातार पत्नी पर दबाव बना रहे थे।

इस संबंध में अहिरवार समाज के लोगों की पंचायत बुलाई गई। समाज द्वारा जब मृतक की पत्नी पर लगातार दबाव बनाया गया तब मृतक रमेश अहिरवार की पत्नी प्रभा और उसके प्रेमी प्रहलाद अहिरवार ने इस घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपी प्रहलाद ने पंचायत के सामने स्वीकार किया कि पहले मृतक की पत्नी के कहने पर उसने मृतक को शराब पिलाई और उसके बाद वीरपुरा गांव के पास ले जाकर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। घटना के समय पत्नी भी साथ में थी। बाद में लाश को वहीं पर फेंक कर वो दोनों अपने-अपने घर चले गए। बाद में 25 जनवरी को पुलिस ने रमेश की लाश बरामद की।

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का जब कोई परिणाम सामने नहीं आया तो बापू नगर में समाज के लोगों ने लगातार 3 दिन तक पंचायत कर मृतक की पत्नी पर दबाव बनाया और पूछताछ की तो उसने मामले का खुलासा किया। 15 अप्रैल को आरोप स्वीकार करने के बाद मृतक की पत्नी और उसकी प्रेमी को पंचायत ने शुद्धिकरण के लिए गंगा स्नान करने इलाहाबाद भेज दिया। 17 की सुबह पहुंचकर के दोनों आरोपियों ने गंगा में स्नान किया और इलाहाबाद के पंडा कृष्णजी छेदीलाल ने अपने प्रमाण पत्र में लिखा कि 17 अप्रैल की सुबह प्रभा देवी और उसका प्रेमी प्रहलाद पंचायत के फैसले पर गंगा स्नान करने आए हैं, जिन्होंने पंच फैसले में रमेश अहिरवार की हत्या करना स्वीकार किया है और रमेश की हत्या का शुद्धिकरण करने के लिए उन्होंने गंगा में स्नान किया है। चंदेरा पुलिस थाने के प्रभारी अंकित दुबे का इस मामले में कहना है कि समाज के लोगों ने मृतक के भाई को शादी-विवाह और अन्य कार्यक्रम में बुलाना बंद कर दिया था। इसके बाद उसने पंचायत बुलाई और तब पंचों ने यह फैसला सुनाया। दुबे ने कहा कि पंचों का फैसला उनके संज्ञान में है और गुरुवार की शाम मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को लेकर पंच पुलिस थाने भी आए थे लेकिन मामला दर्ज करने के लिए कोई साक्ष्य और वैज्ञानिक प्रमाण नहीं होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी चोट लगने का खुलासा नहीं होने के कारण मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। टीकमगढ़ के पुलिस अधीक्षक रोहित ने कहा कि इस तरह का मामला उनके सामने नहीं आया है। यदि ऐसा कुछ है तो पुलिस के सीनियर अधिकारी से इस मामले की जांच कराएंगे।

# खेत में पड़ी 1 लाख के चने की फसल में अज्ञात व्यक्ति ने लगा दी आग



**... खेत में कटाई करके खलिहान में रखा हुआ था चने का ढेर**

**... रास्ते के विवाद में समय पर नहीं मिलि पुलिस प्रशासन का संहयोग अन्य किसानों की चने की फसल अभी भी पड़ी है खेतों में**

सत्यनारायण बैरागी पत्रकार भानपुरा 9074859572

. एक-दो दिन में पुलिस संरक्षण में फसल निकलवा दी जाएगी भानपुरा नि.प्र. तहसील मुख्यालय भानपुरा के पास स्थित ग्राम पंचायत लोटखेड़ी के किसान कस्तूर चंद पिता मांगीलाल धाकड़ के खेत के खलिहान में निकालने हेतु रखी लगभग 1 लाख रुपए की चने की फसल के ढेर में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 17 एवं 18 अप्रैल की दरमियानी रात में आग लगाकर फसल को राख के ढेर में तब्दील कर दिया गया। इस घटना के चलते पीड़ित परिवार सदमे में पहुंच गया है। पीड़ित परिवार जनों ने बताया कि सर्वे क्रमांक 1463 में चने की फसल कटाई करके ढेर लगा रखा था जिसमें अज्ञात बदमाशों ने आग लगाकर जला दिया, जब परिवार जन 18 अप्रैल गुरुवार सवेरे 11 बजे खेत पर पहुंचे तो खेत के खलिहान में रखी चने की फसल का ढेर राख हो चुका था। पीड़ित परिवार एवं लोट खेड़ी के किसान गोपाल पुत्र रामलाल माली, बलराम पुत्र कारुलाल धाकड़, संपत भाई पिता कारु लाल धाकड़, गीता बाई पति भुवना के खेतों में जाने के रास्ते का विवाद चलने के कारण खेतों में जाने हेतु लंबे समय से अन्य किसानों से विवाद जारी होने से बोई गई फसल को निकालनें तथा रास्ते से होकर निकलने की परेशानी के चलते पुलिस थाना भानपुरा में आवेदन देकर खेतों में रखी फसल निकालना चाह रहे हैं परंतु मौके पर जाकर भी पुलिस थाना भानपुरा द्वारा लेट लथिपि किए जाने से यह घटना घटित हो गई। पीड़ित किसान कस्तूर चंद पुत्र मांगीलाल धाकड़ ने खेत में रखें लगभग 1 लाख रुपए के चने की भरपाई हेतु पुलिस थाना भानपुरा तहसीलदार भानपुरा को आवेदन दिया है। पीड़ित किसान ने 1 लाख रुपए के मुआवजे की मांग की है। अन्य किसानों ने पुलिस एवं प्रशासन से निवेदन किया है कि हमारे खेतों में रखी चने की फसल पुलिस प्रशासन के संरक्षण में निकालने में सहयोग करें अन्यथा अन्य पास के खेतों के खलिहानों में रखें चने की फसल में आग लगाकर फसल को राख कर दिया जा सकता है अन्य किसानो की फसल को जलाकर भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

तहसीलदार विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना अधिकारी को पत्र लिखकर सूचित किया है कि पुलिस संरक्षण देकर शनिवार 20 अप्रेल को अन्य किसानों कि फसल निकलवाई जाये, आपने बताया कि पीड़ित किसान को निमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा।

चित्र... पहले खेत में रखी चने की फसल का ढेर एवं अज्ञात लोगों द्वारा लगाई गई आग से जली हुई फसल

## निगम आयुक्त ने की मतदान के साथ दिन की शुरुआत

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला**

सिंगरौली 19 अप्रैल 2024/18वें लोकसभा निर्वाचन के लिए सीधी




संसदीय क्षेत्र 11 में सुबह से ही मतदान कि प्रक्रिया शुरू हो गई थी । सीधी संसदीय क्षेत्र में आने वाले सिंगरौली जिले के मतदान केन्द्रो में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया।

आज इस लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में मतदान कर नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा ने दिन की शुरुवात की। निगुमायुक्त ने कहा की सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग कर इस लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाना चाहिए। निर्वाचन आयोग की निर्देश अनुसार कुछ विशेष सुविधाओं से युक्त आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए गए। इन मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को तिलक लगाकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया ।इसके बाद निगम आयुक्त नगर में स्थित अन्य मतदान केंद्रों पर गए । वहा की व्यवस्था और मतदान प्रतिशत से संबंधित जानकारी ली। मतदान केंद्रों पे जो कमी पाई गई उसे उसी समय पूरा कराया गया। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने नगर वासियों से अपील की कि वह इस महा पर्व में अपना योगदान दे और शतप्रतिशत मतदान करें ।

# महेश्वर और कसरावद के होटल ढाबो पर आबकारी की दबिश



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव

खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

### अवैध शराब बिक्री पर बड़ी कार्यवाही

मण्डलेश्वर(निप्र)लोकसभा निर्वाचन के मद्देनज़र खरगोन जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की जा रही है । इसी कड़ी में गुरुवार को आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी अधिकारी सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में गुरुवार की शाम महेश्वर वृत के आबकारी दल और कसरावद वृत के आबकारी दलों ने जिले टीम के साथ संयुक्त रूप से अवैध मदिरा बेचने वालों के खिलाफ दबिश देकर सघन तलाशी ली जिसमे बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई । कार्रवाई में कसरावद के ग्राम भोपालपुर बलकबाड़ा एवं महेश्वर मंडलेश्वर के होटल हेरिटेज महेश्वर कॉटेज भगबती होटल लड्डू का होटल एवं परंपरा ढाबा से अवैध मदिरा बरामद हुई। उक्त कार्रवाई में 38 पाव देशी मदिरा,18 पाव विदेशी मदिरा एवं 108 नग केन बियर जब्त की गयी। वृत्त प्रभारी अजयपाल सिंह भदौरिया एवं देवराज नगीना आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क के तहत 07 प्रकरण दर्ज कर 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त जब्त अवैध मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 50,000/- रु. है।

कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक मोहनलाल भायल आर. एस. पुरोहित मुकेश गौर अशोक शिंदे सचिन भास्करे तृप्ति आर्य भारती मासरे शिवम चौरसिया सार्थक वर्मा एवं जिले के मुख्य आरक्षक तथा आबकारी आरक्षकों का योगदान रहा।

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सब जेल का निरीक्षण




दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुजित कुमार सिंह द्वारा सब जेल मण्डलेश्वर का निरीक्षण किया गया एवं साथ ही शिविर का आयोजन किया गया।

न्यायाधीश द्वारा बैरकों का निरीक्षण करते हुए उनके साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। व्ही.सी. रूम का अवलोकन किया तथा पाकशाला का निरीक्षण करते हुए बंदियों को प्रतिदिन दिये जा रहे भोजन की मात्रा के संबंध में सब जेल अधीक्षक से पूछा जिस पर अधीक्षक द्वारा शासन द्वारा तय मात्रा दिये जाने एवं सुबह चाय, नास्ता एवं भोजन के टाईम टेबल से अवगत कराया। बंदियों की समस्याए सुनी एवं निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया।

शिविर में रूपेश कुमार शर्मा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, निशा कौशल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल, उप जेल अधीक्षक श्वेता मीणा, पैरालीगल वालेंटियर जो.जू. एम.आर. जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहें।

केसरिया हिन्दुस्तान

# मैहर में कैलाश विजयवर्गीय जी के आगमन पर किया गया फूलमालाओ से जोरदार स्वागत






दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

मैहर के ग्रैंड इन होटल में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन प्रभारी संतोष सोनी के नेतृत्व में किया गया जिसमें मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आगमन पर मैहर में हुआ भव्य स्वागत फूल मालाओं से किया गया, साथ ही सर्व प्रथम मा शारदा के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यर्पण कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया, इस मौके पर लोकसभा क्षेत्र सतना के भाजपा प्रत्यासी गणेश सिंह के पक्ष में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने व्यापारियों एवं प्रबुद्धजनों को संबोधित किए कैलाश विजयवर्गीय जी ने कहा आज सम्पूर्ण विश्व मे मोदी-मोदी का नारा की गूंज 140 करोड़ लोगो का सम्मान भी सामिल है प्रबुद्ध जन सम्मेलन में कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि कैलाश विजयवर्गी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज दुनिया के हर देश मे मोदी मोदी का नारा गूंजता है। जब भारत देश के बाहर विश्व की धरती पर इस नारे की गूंज उठती है तब भारतवासी 140 करोड़ जनता का सम्मान दीखता है उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की नीति करती है। इस नीति के कारण 370 धारा लगी। एक देश मे दो सोच नही चलेगा। यह 1952 से चल रहा था हमारी सरकार ने धारा 370 को हटाकर आज जम्मू कश्मीर मे भी तिरंगा लहराने लगा। भाजपा



ने जो कहा है वह करके दिखाया है। हमारे देश के 140 करोड़ लोगो का विश्वास है नरेंद्र मोदी पर। आज भारत से 70 प्रतिशत आतंकवाद नक्सलवाद समाप्त हो चुका है। अब सेना घुस कर मारती है। 2014 के पहले सैनिको को गोली चलाने के लिए पूछना पड़ता था यह, 2024 का भारत है आज पाकिस्तान की हालत पतली हो गई है।2024 का भारत दुनिया का सबसे अलग भारत है आज भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणि मे बनने के लिए अग्रसर है। 2014 के पहले के प्रधानमंत्री जब विदेश की धरती पर जाते थे तो लोग कहते थे आ गया कटोरा लेकर आज 2024 के लोग यह सोचते हैं की क्या देकर जाएंगे मोदी । यह भारत की साख है। आज भारत का सर्वागीरण विकास हुआ है।यहाँ का किसान आज सम्पन्न है। हमारी सरकार ने चार शक्ति पर अपना केंद्र बिंदु महिला शक्ति, युवा शक्ति, किसान शक्ति, गरीब कल्याण शक्ति पर स्थापित किया है।इन्ही सब कारणों से हम यह कह सकते है की आज मोदी मोदी का नारा हर व्यक्ति की जुबान से यूँ ही नही बोला जाता। इसलिए तो कहते है मोदी है तो गारन्टी है।

श्री कैलाश विजयवर्गी ने कहा कि जब देश में पहले हमले होते थे आज उसका जवाब तोप के गोले से देती है सेना

आज हमारा भारत देश विश्व गुरु बनने के लिए तेजी से रफ्तार गति से आगे बढ़ रहा है भारत आज उसे मुकाम में है कि वह अपना शासन पूरे विश्व में चल रहा और भारत देश का लोहा आज विश्व की धरती में भी माना जाता है और भारत की शक्ति के पीछे कारण है नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार

बॉक्स हम नक्सलवाद आतंकवादियों को मारते हैं तो कांग्रेस सवाल करती है और उन्हें शहीद का दर्जा देती है, कैलाश विजयवर्गी ने कहा कि आज देश की सेना और पुलिस जब नक्सलवादी आतंकियों पर कार्यवाही करती है और उसमें आतंक फैलाने वाले लोग मारे जाते हैं तो पाकिस्तान के तर्ज पर कांग्रेस सवाल करती है जो सवाल पाकिस्तान पूछता है वही सवाल कांग्रेस पूछता है यह रिश्ता क्या कहलाता है यह हमारे समझ से परे हैं जब देश में आतंकवाद घुसपैठ फैलाने वाले हमला करते हैं और सेना कार्यवाही करती है उस कार्यवाही पर प्रश्न उठाने कांग्रेस अपने आप में संदेहात्मक है जो आतंकवाद के साथ हमेशा खड़ी नजर आती है।

इस आयोजन में मुख्य रूप से मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी जी , मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने जी , नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी जी , मैहर के वरिष्ठ नेता धीरज पांडेय जी माई के रसोई के संचालक, विनय पाण्डेय जी युवामोर्चा मण्डल अध्यक्ष, सौरज पाण्डेय जी , गुड्डू चौरसिया जी , अशोक चौबे जी , विष्णु चौरसिया जी , सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वक्त के समर्थ सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बताया प्रजातंत्र के चुनाव में कैसे व्यक्ति को चुनने की जरूरत है



### इस समय भाई भतीजावाद, जातिवाद, एरियावाद, भाषावाद में आ गए तो पछताओगे*

सांगली (महाराष्ट्र)पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि पहले राजतंत्र था जिसमे राजा फिर उसका लड़का राज करता था। अब प्रजातंत्र में जनता राजा है। लेकिन जब वह अपने अधिकार को खत्म कर देती है, समझ नहीं पाती है कि हमारे अंदर कितना पावर है तब वही चुने हुए मंत्री, राजा के ऊपर हुकूमत करने लग जाते हैं। वह अगर शराबी, मांसाहारी, व्यभिचारी, देशद्रोही, भारतीय संस्कृति खत्म करने वाले, दूसरे देश की संस्कृति ला देने वाले निकल गए तो जनता सुखी नहीं रह सकती। पांच साल में मंत्री बनाने का, अपना मंत्री चुनने का मौका केवल एक बार मिलता है।

### 5 साल में एक बार मौका मिलता है इसलिए चेतने की जरूरत है

अगर इस समय पर भाई भतीजावाद, जातिवाद, एरियावाद, भाषावाद आदि में आ गए तो चूक जाओगे, पछताओगे, आया अवसर निकल जाएगा इसलिए इस समय पर सभी लोगों को चेतने की जरूरत है। सबके लिए बात कही जा रही है। सोच समझकर के बटन दबाने की जरूरत है।

### कैसे निर्णय लें कि किसको वोट देना है

जो दुःख तकलीफ को समझ सके, जो गरीबी को देखा हो, वही गरीबों की गरीबी को दूर कर सकता है। जिसके अंदर लोगों के प्रति प्रेम हो, जिसमें कोई परिवारवाद भाईवाद भतीजावाद न हो, ऐसे आदमी को अगर आप चुनोगे तो वह सबके लिए समान व्यवहार रखेगा, सबके लिए समान काम करेगा। यह तो निर्णय आपको लेना है। हम किसी व्यक्ति, पार्टी का नाम नहीं ले रहे। फैसला आपको करना है। सोच-समझ लो, अपने, अपने बच्चों, देश और समाज के भविष्य को देख लो। जिसके अंदर मानववादिता ईश्वरवादिता देशभक्ति समाजभक्ति मानवभक्ति हो, ऐसे आदमी को आप सोच लो। कल से पहले चरण का चुनाव शुरू हो जाएगा। पूरे देश की जनता को इसमें अपना मंत्री प्रधानमंत्री एम.पी बनाने का मौका मिलेगा। अन्न के दोष से भीष्म पितामह की बुद्धि खराब हो गई थी तो मांसाहारी शराबी नशेड़ी की बुद्धि कैसे सही रहेगी। मांसाहारी के अंदर दया, चेतनता का अभाव होगा। मांसाहारी क्रूर होगा, दया उसमें नहीं होगी। दया जिसके अंदर नहीं रहती है उसके अंदर वह मालिक निवास नहीं करता है। दया धर्म तन बसे शरीरा, ताकर रक्षा करें रघुवीरा।




## मऊगंज में पूर्व मुख्यमंत्री मंत्री शिवराज सिंह के आगमन की तैयारियां तेज

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ *रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

कलेक्टर अजय श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने किया सभा स्थल का निरीक्षण,आसपास बैरीकेडिंग करने के दिए निर्देश मऊगंज पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के आगामी 20 अप्रैल को मऊगंज में प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड पर है। गुरुवार 18 अप्रैल को कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने सभा स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार की दोपहर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने मऊगंज जनपद परिसर सभा स्थल तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलाप है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह 20 अप्रैल को मऊगंज पहुंच रहे हैं। जहां भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा सभा स्थल का निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

## अवैध उत्खनन करने शासकीय कार्य मे बाधाएं डालने पर कार्य वाही

रिपोर्टर -दिनेश शुक्ला

आलोट। नगर के पास मुहर्रम का अवैध उत्खन रोकने के लिए आलोट तहसीलदार सोनम भगत अभियान चलाया गया इसी तहत आज रामसीह दरबार रोड पर मुहर्रम का अवैध खनन करते डंफर चल रहे हैं। इसकी सूचना पर तहसीलदार ने पटवारियों भेजा। पटवारियों ने जब अवैध खनन कर रहे डंफर






को रोका तो खनन करने वाले ने पटवारियों से लड़ाई करना शुरु कर दी। जिसकी सूचना पटवारियों ने तहसीलदार को दी उसके बाद तहसीलदार भगत व नायब तहसीलदार मेहमूद खान मगरे पर गये वहा से डंफर जस् कर आलोट पुलिस थाने पर लाई और डंफर मालिक पर शासकीय कार्य मे बाधा की कार्यवाही की गई है।

## राजधानी भोपाल तहसील बैरसिया के ग्राम पंचायत सुकलिया के ग्राम पिपलिया कदीम में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया ।। राजधानी भोपाल के तहसील बैरसिया ग्राम पंचायत सुकलिया के ग्राम पिपलिया में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 18 अप्रैल 2024 से किया जा रहा है जिसमें बैरसिया ग्रामीण क्षेत्र से कई टीमें भाग ले रही हैं क्रिकेट टूर्नामेंट की प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच टेनिस बॉल द्वारा एवं प्रत्येक मैच 8 ओवरों का रखा गया है जिसकी एंट्री फीस 1301 रखी गई है प्रथम विजेता टीम को 25000 ट्रॉफी पुरस्कार और द्वितीय टीम को 11500 एवं ट्रॉफी का पुरस्कार दिया जाएगा क्रिकेट टूर्नामेंट देखने के लिए क्रिकेट प्रेमियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है क्रिकेट टूर्नामेंट के संयोजक अंकित कुमार गुप्ता एवं सहसंयोजक हर्ष गुप्ता चीनी कलेक्शन रतुआ रतनपुर द्वारा किए जा रहा है संपर्क सूत्र अंकित कुमार गुप्ता 9827 579 260 विकास शर्मा 7879554 7 65

# सारे नियम तोड़कर करा रहे बाल मजदूरी कई स्थानों पर देखा जा सकता है बच्चों को काम करते

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*
मो.7509091263

### *फटे कपड़े, हाथ में जूठे बर्तन और चेहरे पर उदासी से भरी मासूमियत यह हालत है हमारे देश के भविष्य की*

सुप्रीम कोर्ट और सरकार ने पूरी तरह से बाल श्रम प्रतिबंधित किया है। इसके बाद भी जिले में बाल श्रम धड़ल्ले से चल रहा है। बचपन बचाओं जैसे नारे देकर सरकार भले ही बाल कल्याण के लिए करोड़ों रुपए पानी में बहा रही है लेकिन आज भी बाल श्रमिकों पर पाबंदी नहीं लग सकी। मध्य प्रदेश के छत्तरपुर जिले में सैकड़ों नाबालिग बच्चे रोटी के लिए चाय के बर्तन धोने को मजबूर है। बालश्रम की रोकथाम के लिए आज तक कोई पहल जिले स्तर से नहीं की जा सकी। नगर मुख्यालय पर भी आज तक कोई निरीक्षक ने बाल श्रमिकों की जांच नहीं की।



### *सस्ते में मिल जाते हैं बाल मजदूर*

बालश्रम कराने वाले लोगों को कुछ रुपए खर्च कर सस्ते मजदूर मिल जाते हैं। करीब 200-350 रुपए में सुबह से बच्चे शाम तक मजदूरी करते हैं। बालश्रम में जुटे अधिकांश बच्चे घर-परिवार की जिम्मेदारियों के बोझ तले दबे हैं। पढने्-लिखने की उम्र में ये बच्चे कप-प्लेट और गिलास धोते नजर आते हैं।

### *मजबूरी में काम कर रहा बचपन*

10 साल का एक बालक संजय (परिवर्तित नाम) एक जूता चप्पल की दुकान में सुबह से लेकर देर रात तक काम करता है। बदले में मालिक उसे 100 रुपए और खाना देता है। किशोर का पिता शराबी है। उसकी मां और दो छोटी बहनों के भरण-पोषण का जिम्मा उसके भरोसे है। स्कूल जाने की उम्र में काम करने के सवाल पर वह मासूमियत से कहता है कि पहले पेट भर जाए फिर पढ़ाई के बारे में सोचूं।

12 साल के प्रभात (परिवर्तित नाम) के पिता की मौत हो चुकी है। उसकी मां घरों में काम करती है लेकिन इतने में परिवार का गुजर-बसर नहीं होता। मजबूरी में प्रभात हाथ में बोरी लेकर कचरे के ढेर में शाम का खाना ढूंढता है। वह कहता है कि भैया जब पेट खाली रहता है तो स्कूल याद नहीं रहता।

मेन मार्केट में एक चाय की दुकान पर काम करने वाला मनोज (परिवर्तित नाम)कहता है कि दिनभर मेहनत के बाद इतने पैसे मिलते है कि पेट भरा जाता है। काम पूरा न करने पर मालिक की डांट और पिटाई भी सहना पड़ती है।

### श्रम विभाग के पास नहीं है बालश्रम के कोई आंकड़े*

खास बात यह है कि श्रम विभाग के पास बालश्रम के आंकड़े तक नहीं है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1997 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जिला श्रम विभाग ने बाल श्रमिकों का सर्वे किया था। जिसमें जिले में बाल श्रमिकों की संख्या निरंक पाई गई थी। इसके बाद से आज तक कोई भी सर्वे नहीं किया गया। मतलब साफ है कि श्रम विभाग चाइल्ड लेबर जैसे गंभीर प्रकरणों पर कार्रवाई करना अपना कर्तव्य नहीं मानता है। तभी प्रशासन की मौजूदगी में बालश्रम जैसा गंभीर अपराध चल रहा है।

# रतलाम पुलिस का संपूर्ण जिले में नशे के सौदागरों पर कड़ा प्रहार जारी

## अवैध मादक पदार्थ स्मेक की तस्करी करते दो आरोपियो को पकडने मे मिली आलोट पुलिस को सफलता




रिपोर्टर – दिनेश शुक्ला

आलोट- पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, अनुविभागीय अधिकारी शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन मे थाना आलोट पुलिस द्धारा मुखबीर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ स्मेक की तस्करी करते दो आरोपियो को पकडने मे सफलता मिली है।

### घटना का विवरण

दिनांक 19.04.2024 को थाना आलोट पुलिस द्धारा मुखबीर से प्राप्त सूचना पर बडोद रोड देवनारायण गौशाला भोजाखेडी से आरोपी असलम पिता बाबु खाँ लखारा उम्र 33 साल निवासी बडा मालीपुरा जावरा व मोईन पिता कल्लु मेव मुसलमान उम्र 23 साल निवासी रतलामी गेट जावरा को एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुये तलाशी लेते 20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिलने पर जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर आरोपियो के विरुद्ध थाना आलोट पर अप क्र 206/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय पेश कर पीआर प्राप्त कर फरार आरोपी सलमान लाला निवासी चाचरनी थाना डग, जिला झालावाड राजस्थान की तलाश व आरोपियो से अवैध मादक बेचने वाले आरोपियो सम्बंध मे पूछताछ की जाकर विवेचना की जा रही है।

1. असलम पिता बाबु खाँ लखारा उम्र 33 साल निवासी बडा मालीपुरा जावरा
2. मोईन पिता कल्लु मेव मुसलमान उम्र 23 साल निवासी रतलामी गेट जावरा

### *फरार आरोपी*

3. सलमान लाला निवासी चाचरनी थाना डग, जिला झालावाड राजस्थान(फरार)

### *बरामद माल –*

1. 20 ग्राम स्मेक(अवैध मादक पदार्थ) किमती 40 हजार रुपये
2. घटना मे प्रयुक्त सुजुकी मोटरसायकल क्रमाकं [illegible]6088 किमती 10 हजार रुपयें

### *सराहनीय भूमिका*

थाना प्रभारी निरी सुरेन्द्र सिंह गाडरिया, सउनि अशोक चौहान, आर 400 अभिनन्दन, आर 241 अंकित काला ,आर. 508 आदिल, आर 1198 बाबुलाल मालवीय की मुख्य भुमिका व प्रआर 136 कोदर सिंह चारेल, प्रआर 26 कमलेश भण्डारी, आर 260 सुरेन्द्र सिंह, आर 604 कमल सिंह, आर 675 थामस भाभर, आर 1031 गोविंदराम कडोदिया का सराहनीय योगदान रहा है।



## होनहार अनमोल खरया ने पढ़ाई के साथ खड़ी कर ली स्टार्टअप कंपनी, नगर का नाम किया रोशन

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर*

मो.7509091263

### *म.प्र. की प्रथम फूड टैग स्टार्टअप कंपनी बनाने का श्रेय*

छतरपुर । नगर के युवा अब देश में अपने हुनर से जिले का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। जी हां! शहर के गल्ला मंडी में रहने वाले श्री स्वामी प्रसाद खरया ( खरया जी किताब वाले ) के नाती एवं पत्रकार मनीष खरया के पुत्र व राजेंद्र खरया के भतीजे अनमोल खरया ने पढ़ाई के साथ-साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की स्टार्टअप नीति से प्रभावित होकर अपनी फूड टैग स्टार्टअप कंपनी [illegible] इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से खड़ी कर दी।ये कंपनी वर्तमान में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के विशाल कैंपस में अपनी सेवाएं दे रही है। अनमोल खरया के मुताबिक यह कंपनी वर्तमान में होटल रेस्टोरेंट में लंबी-लंबी लाइन व भीड़ से होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने में विशेष सहयोग कर रही है। इसके ऐप के माध्यम से आप डाइन इन व टेक अवे में जाकर ऑर्डर के बाद ऑनलाइन भुगतान कर अपना मनचाहा फूड रेस्टोरेंट से ले सकते हैं। गौरतलब है कि अनमोल खरया वर्तमान में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में बी.टेक. की पढ़ाई कर रहा है. इसी पढ़ाई के दौरान अनमोल ने यह कंपनी खड़ी कर दी। अनमोल की प्रारंभिक शिक्षा दसवीं तक क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज में व उसके बाद की शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर में हुई।अनमोल के पिता मनीष खरया के मुताबिक बीटेक की डिग्री शुरू करने के पहले ही अनमोल के दिमाग में कंपनी डालने के लिए काफी आईडिया आते रहते थे ,फिर एक आईडिया को निर्धारित कर वह अपना मन लगाकर काम करता रहा। अनमोल की मेहनत और लगन को देखकर महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर की कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी ने कुछ दिन पहले अनमोल खरया को आशीर्वाद दिया एवं यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर इनक्यूबेटर पेज पर अनमोल खरया की कंपनी को जगह दी है।

# शहडोल में शाम 5 बजे तक हुई 59.91 प्रतिशत वोटिंग, पुष्पराजगढ़ में 63.02 प्रतिशत के साथ हुआ सबसे ज्यादा मतदान

शहडोल। शहडोल संसदीय क्षेत्र में अभी भी मतदान का प्रतिशत काफी धीमा चल रहा है। दोपहर 3 बजे के बाद 5 बजे तक लगभग 11 प्रतिशत मतदान बढ़कर 59.91 प्रतिषत पहुंचा है। अब 5 बजे से शाम 7 बजे तक एक बार फिर वोटिंग प्रतिशत बढ़ने के आसार है। पुष्पराजगढ़ विधानसभा सीट में 63.02 प्रतिषत के साथ सबसे ज्यादा मतदान हुआ है।

### रामपुर पड़रिया में चुनाव का बहिष्कार

रामपुर पड़रिया में एसईसीएल का विरोध अभी भी जारी है। यहां 3 पोलिंग बूथ में लगभग 6 हजार मतदाता हैं। जिनमें सिर्फ 15 वोट सरकारी कर्मचारियों के पड़े हैं। ग्रामीण विरोध में डटे हैं। वो मौके पर कलेक्टर और एसपी को बुलाने की मांग पर अड़े हैं। जबकि अभी तक मौके पर अधिकारी नहीं पहुंचे हैं। एसईसीएल ने ग्रामीणों को मुआवजा के साथ-साथ नौकरी नहीं दी है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग कर रहे थे, लेकिन अब तक ग्रामीणों को मुआवजे के साथ नौकरी नहीं मिली है। जिसको लेकर मतदान का अब ग्रामीणों ने बहिष्कार कर दिया है। शहडोल जिले के आदिवासी बाहुल्य विभिन्न मतदान केंद्रों में दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने और ले जाने के लिए मिल वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अधिकांश मतदाता इन वाहनों के सहारे वोट करने पोलिंग बूथ तक पहुंच रहे हैं। एडीजीपी डीसी सागर ने अपनी मां के साथ पुलिस लाइन में स्थित पोलिंग बूथ में मतदान किया। वहीं कमिश्नर बीएस जामोद इस बार मतदान नहीं कर पाएंगे क्योंकि उनकी तैनाती शहडोल में आचार संहिता लगने के ठीक पहले हुई। शहडोल संसदीय क्षेत्र के जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत छतवई केहायर सेकेंडरी स्कूल मतदान केन्द्र क्रमांक 124 में आज सुबह से मतदान के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान मतदान के प्रति मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।

### बूचरो में नहीं पहुंचे मतदाता

ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के बूचरो में लोगों ने मतदान का विरोध कर दिया था। जहां पर प्रशासन की समझाइस के बाद वोटिंग शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि आए दिन गांव में बाघ का मूवमेंट रहता है, जिससे लोगों की जान को खतरा बना रहता है। यहां कई बार बाघ ने कई लोगों की जान तक ले डाली है। इसी को लेकर ग्रामीण चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। इस गांव में 1354 मतदाता है, जिनमें से एक ने भी अभी तक मतदान नहीं किया है। शहडोल की विधानसभा ब्यौहारी सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में आती है।



### नाराज ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार

ग्रामीण चौडार नाला के लोग पुल ना होने से नाराज थे, जिसको लेकर उन्होंने चुनाव का बहिष्कार किया था। लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारी के समझाइस के बाद यहां वोटिंग शुरू हो गई है। जिले के वरिष्ठ मतदाताओं ने जुनून के साथ मतदान कर निभाया अपना फर्ज। वरिष्ठ मतदाता मनक लाल व पत्नी सुंदरी बाई और रामखेलावन पटेल ने अपने पत्नी रामवती पटेल के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया।

### सात समंदर पार वोट डालने पहुंची छात्रा श्रद्ध

यूनिवर्सिटी आफ लंदन में आर्किटेक्ट इंजीनियर की पढ़ाई कर रही श्रद्धा बियानी ने वार्ड नंबर 12 अनूपपुर में मतदान किया। छात्रा ने बताया कि वह सिर्फ वोट डालने के लिए भारत आई है। साथ ही कहा कि विदेश में पढ़ रहे बच्चों को भी वहीं से वोट डालने की सुविधा मिलनी चाहिए।

### 10 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला

शहडोल लोकसभा क्षेत्र में इस बार 10 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें भाजपा से वर्तमान सांसद हिमाद्री सिंह और कांग्रेस से पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को मैदान में हैं। वहीं कुल 10 उम्मीदवारों में से 8 उम्मीदवार पार्टी के सिंबल से और 2 निर्दलीय चुनाव मैदान पर हैं। भाजपा और कांग्रेस के बाद 2 अन्य प्रमुख पार्टियों में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का नाम शामिल है। बसपा ने अनुपपुर जिले के मेडियारास में रहने वाले धनीराम कोल को टिकट दिया है तो वहीं गोंगपा ने अनुपपुर जिले के बेनीबारी निवासी अनिल सिंह धुर्वे को चुनावी नाव में सवार किया है।

### जिलेवार निर्वाचन की जानकारी

शहडोल लोकसभा क्षेत्र में शहडोल जिले की 2 विधानसभा शामिल है। इनमें जयसिंहनगर और जैतपुर विधानसभा शामिल है। ब्यौहारी विधानसभा सीधी सीट में शामिल है। शहडोल जिले में 616 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। वहीं 5 लाख 5 हजार 241 मतदान करेंगे। जिले में 129 क्रिटिकल और 4 वल्नरेवल मतदान केंद्र हैं। अनुपपुर जिले की तीनों विधानसभा शहडोल संसदीय क्षेत्र में आती है। इनमें पुष्पराजगढ़ के 2 लाख 2 हजार 217 मतदाता 273 मतदान केंद्रों में वोट करेंगे। वहीं कोतमा विधानसभा के 1 लाख 51 हजार 412 मतदाता 202 मतदान केंद्र में तो वहीं अनुपपुर विधानसभा के 1 लाख 80 हजार 110 मतदाता मतदान कर रहे हैं। कटनी जिले की सिर्फ एक बड़वारा विधानसभा शहडोल संसदीय क्षेत्र में शामिल है। यहां के 2 लाख 55 हजार 3 मतदाता 299 पोलिंग बूथ में मतदान करने पहुंच रहे हैं। 192 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए शहडोल लोकसभा की 8 विधानसभा में 192 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। अनूपपुर जिले में 45, शहडोल जिले में 51, उमरिया जिले में 66 और बडवाडा विधानसभा 30 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। जिनमें कोतमा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 15, अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 20 और पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 पूर्ण महिला प्रबंधकीय बूथ बनाए गए हैं। 462 मतदान केंद्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था शहडोल लोकसभा की 8 विधानसभा में 462 मतदान केंद्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की बनाया गया हैं। जिसमें अनूपपुर जिले की तीन विधानसभा में 235 मतदान केंद्र शामिल हैं। शहडोल जिले की दो विधानसभा में 197, बडवाडा विधानसभा में 30 मतदान केंद्र हैं। उमरिया जिले की दोनों विधानसभा में कोई नहीं हैं। जयसिंहनगर विधानसभा में 130, जैतपुर विधानसभा में 67, कोतमा विधानसभा में 45, अनूपपुर विधानसभा में 100 और पुष्पराजगढ़ विधानसभा में 90 मतदान केंद्रों में दो महिला प्रबंधकीय बूथ की व्यवस्था की गई है।

## मतदाता अपने घरों से निकले और शत प्रतिशत मतदान करें- कमिश्नर

### कमिश्नर व एडीजीपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग एवं एडीजीपी डीसी सागर ने लोकसभा निर्वाचन हेतु शुक्रवार को शहडोल जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय धुरवार, शासकीय प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन शहडोल, पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल, रघुराज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल, शासकीय प्राथमिक विद्यालय जमुई में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने मतदान करने आए मतदाताओं से चर्चा की तथा प्रदाय किए जा रहे सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए की मतदाताओं को किसी भी प्रकार की सुविधा न हो सभी सुविधाएं उपलब्ध रहे, दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने वाले जाने हेतु वाहन भी उपलब्ध हो। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने शहडोल संभाग के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आज लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता निभाने हेतु अपने घरों से निकले और मतदान केंद्र जाकर शत प्रतिशत मतदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान करने आए मतदाताओं के साथ सेल्फी लेकर उत्साहवर्धन भी किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित अन्य अधिकारी साथर रहें।





## विदाई से पहले वोट देने मतदान केन्द्र पहुंची दुल्हन

शहडोल। शहडोल जिले के बुढ़ार तहसील के ग्राम बेम्हौरी में कल गुरुवार की रात कविता साहू की बरात आई थी। शादी की रस्में पूरी होने के बाद शुक्रवार की सुबह दुल्हन बनी कविता ने मंडप से सीधे बूथ क्रमांक 270 आंगनबाड़ी केंद्र क्र.2 बेम्हौरी पहुंची। कविता ने मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में आहुति दी। मतदान केंद्र पर दुल्हन को देखकर हर कोई हैरान रह गया। दुल्हन के पिता संतोष साहू ने बताया कि विदाई के बाद कविता ने मतदान करने की इच्छा जताई। इस पर उन्होंने दूल्हे पक्ष से बात की। वे भी तैयार हो गएं। ससुराल जाने से पहले कविता ने मतदान किया। इसके बाद विदा होकर ग्राम पड़मनिया शहडोल अपने ससुराल चली गई।



## कमिश्नर ने निर्वाचन हेतु बनाए गए कंट्रोल रूम, वेब कास्टिंग तथा कम्युनिकेशन टीम के कार्यों का लिया जाएगा

शहडोल। लोकसभा निर्वाचन हेतु शुक्रवार को कमिश्नर शहडोल संभाग बीएम जामोद एवं एडीजीपी डी.सी. सागर ने अनूपपुर लोक सभा निर्वाचन मतदान को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय में बनाए गए निर्वाचन कंट्रोल रूम, वेब कास्टिंग रूम तथा कम्यूनिकेशन टीम के कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने मतदान केंद्रों की निगरानी, चेक पोस्टों की निगरानी वेबकास्टिंग तथा विधानसभावार मतदान प्रतिशत के प्रगति के संबंध में अनूपपुर जिले के कोतमा अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के टीम से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवाँर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा संयुक्त आयुक्त (विकास) मगन सिंह कनेश, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

## चंदनिया खुर्द के मतदाताओं ने निभाई शत प्रतिशत सहभागिता



शहडोल। लोकसभा निर्वाचन के पहले चरण के अंतर्गत शुक्रवार को शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम चंदनिया खुर्द ने 100 प्रतिषत मतदान कर इतिहास रचा है। चंदनिया खुर्द के 100 प्रतिषत मतदाताओं ने अपनी लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता निभाई है। गौरतलब है कि शहडोल जिले में शहडोल जिले में कमिश्नर शहडोल संभाग बी, एस, जामोद, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर, अपर कलेक्टर श्रीमती अमृतागर्ग एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई थी।

## कमिश्नर और एडीजीपी ने पेश की मानवीयता, घायल व्यक्ति को भिजवाया स्वास्थ्य केंद्र



शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बी एस जामोद, पुलिस उप महानिदेशक डीसी सागर ने मानवीयता दिखाते हुए अनूपपुर जिले के भ्रमण के दौरान खैरहा और करकटी के मध्य छिरहटी के पास सड़क दुर्घटना में घायल पड़े व्यक्ति अपने वाहन से उपचार हेतु उपचार हेतु उप स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार भिजवाया तथा स्वास्थ्य के संबंध में हाल चाल पूंछा। गौरतलब है कि शुक्रवार को लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया का कमिश्नर शहडोल संभाग बी एस जामोद, पुलिस उप महानिदेशक डीसी सागर ने अनूपपुर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने जा रहे थे।

## सिवनी मालवा में मतदान दलों का प्रशिक्षण प्रारंभ

### ईडीसी का वितरण जारी*

### तहसीलदार ने किया प्रशिक्षण का निरीक्षण*

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास

नर्मदापुरम/सिवनी मालवा-ः भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र क्रमांक 17 में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा का निर्वाचन संपन्न होना है जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम के अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 के मतदान दलों को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया अब पूरे मतदान दल को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण का समय प्रातः 10ः00 बजे से 5ः00 बजे तक रखा गया है प्रातः 10ः00 बजे से 1ः00 बजे तक सभी प्रपत्र जैसे मत पत्र लेखा , पीठासीन की डायरी समीक्षा प्रपत्र 16 बिंदु का प्रपत्र आदि भरना मतदान पूर्व की तैयारी मतदान के पश्चात सामग्री जमा करने हेतु विभिन्न प्रपत्र तथा लिफाफों को तैयार करना दोपहर 2ः00 बजे से 5ः00 तक मतदान प्रक्रिया का सामान्य प्रशिक्षण विशेष स्थितियां एवं ईवीएम मशीन का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स डॉ सुनील सोनी, सुरेंद्र कुमार पाटिल, प्रकाश व्यास, मनित



कुमार दुबे, उमेश धुर्वे, डॉ प्रशांत चौरसिया, मुकेश शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, मोहन हिंडोलिया के द्वारा दिया जा रहा है मतदान दलों के प्रशिक्षण का निरीक्षण तहसीलदार राकेश खजूरिया द्वारा किया गया तहसीलदार खजुरिया द्वारा मतदान दलों को ईवीएम मशीन की ट्रेनिंग दी गई तथा बताया गया कि मतदान सामग्री प्राप्त होने पर कंट्रोल यूनिट को चालू करके देखें आपस में कनेक्ट ना करें पीठासीन अधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मत प्रतिशत एप्प डाउनलोड करना है तथा मतदान सामग्री प्राप्त होने से लेकर मतदान सामग्री जमा होने तक की जानकारी फीड करना है मतदान दलों को प्रशिक्षण स्थल से ही इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट नोडल अधिकारी अनिल पटेल के मार्गदर्शन में दिए जा रहे हैं।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

केसरिया हिन्दुस्तान




# रेडिको खेतान कंपनी की कमान भ्रष्टाचारियों के हाथ में ?

**सीतापुर ।** सिधौली-बिसवां रोड पर कंदुनी स्थित रेडिको खेतान लिमिटेड नामक एक अंग्रेजी दारू की फैक्ट्री विगत दो वर्षों से संचालित हो रही है, आए दिन अपने कारनामों से चर्चा का विषय बनी रहने वाली कंपनी एक बार फिर चर्चा में आ गई है, कंपनी के जिम्मेदारों पर आए दिन आरोप लगते रहते है, एक बार फिर से इस कंपनी में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से लाखों रुपयों के हेरफेर का मामला प्रकाश में आ रहा है। जिसमे कहीं न कहीं कंपनी में कार्यरत अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है लेकिन ज़िम्मेदारों के द्वारा एक व्यक्ति को दोषी बनाते हुए उसके विरुद्ध साजिशन जांच कमेटी बिठा दी जाती है, और सम्मिलित अधिकारियों पर महरबानी कर दी जाती है।

गौरतलब हो कंदुनी स्थित रेडिको खेतान लिमिटेड जो विगत दो वर्षों से कंदुनी में संचालित हो रही है। जिसके एचआर एडमिन यानी कि सहायक प्रबंधक उदित भट्ट पर कंपनी के लगभग 5 से 7 लाख रुपये के गमन का आरोप है जिसकी जांच कमेटी के द्वारा पिछले 15 दिनों से निरन्तर जांच की जा रही है, आरोपी उदित भट्ट ने मीडिया को बयान देते हुए कंपनी के कई अधिकारियों पर भ्रष्टाचार में सम्मिलित होने के गम्भीर आरोप लगाए है, आरोप यह भी है कि जांच कमेटी के द्वारा भी आरोपी उदित भट्ट की जबरजस्ती सिग्नेचर लेते हुए भ्रष्टाचार में सम्मिलित अधिकारियों के नाम न खोलने का दबाव भी बनाया गया है। हालांकि पीड़ित ने यह भी बताया कि इस पूरे भ्रष्टाचार की गाथा उसने ई-मेल के माध्यम से विगत दिनों कम्पनी के ज़िम्मेदारों को भेज कर अवगत भी कराया था लेकिन ज़िम्मेदारों के द्वारा उस पर कोई उचित संज्ञान नही लिया गया जिससे आरोपी उदित को सम्मिलित अधिकारियों की मानमनौवत के बाद पुनः इस खेल में सम्मिलित करते हुए भ्रष्टाचार का खेल फिर से चालू हो जाता है।

गठित जांच कमेटी की पड़ताल में कहीं भ्रष्टाचार में सम्मिलत कंपनी के अधिकारियों की पोल न खुल जाए इस उधेड़ बुन में उन अधिकारियों के द्वारा साजिशन कुछ लोग को आरोपी उदित भट्ट के लखनऊ स्थित घर पर भेजा जाता है जिसमे आरोपी उदित भट्ट की माने तो वो घर पर नही था जो किसी धर्मिक स्थल के पर दर्शन करने गया हुआ था जिसकी उसने ई-मेल के माध्यम से छुट्टी भी अप्रूव करायी थी। उसके बावजूद कुछ लोग जबरजस्ती लखनऊ स्थित उसके आवास में घुस कर खुद को कंपनी का वकील बता कर उसकी पत्नी के साथ धक्का मुक्की और अभद्रता करते हुए धमकाते हुए उसके घर की तलाशी भी ली जाती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आरोपी उदित भट्ट के द्वारा जब जी-मेल के माध्यम से ज़िम्मेदार अधिकारी से छुट्टी ली गयी थी उसके बावजूद उसके घर पर मिल के अन्य ज़िम्मेदारों के द्वारा उसकी गैर मौजूदगी में घर पर जाने की आवश्यकता क्या आन पड़ी थी। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की पोल खुलने का डर अवश्य होगा जिस पर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा था। हालांकि इस सम्पूर्ण मामले में उदित भट्ट की पत्नी अनुराधा शर्मा ने लिखित तहरीर महिला आयोग समेत लखनऊ व सीतापुर पुलिस को आईजीआरएस के माध्यम से देते हुए निष्पक्ष जांच कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने तहरीर में यह भी दर्शाया है अगर उसे न्याय नही मिलता है तो वो मजबूरन आत्मदाह करने पर विवश हो जाएगी।

## पवन की मौत हादसा या हत्या एक रहस्य

बीते साल नवंबर कंपनी में गॉर्ड के पद पर कार्यरत बिजुआ लखीमपुर खीरी निवासी पवन की बॉयलर में गिर जाने से मौत हो गयी है, परिजन कंपनी के कर्मचारियों पर हत्या का आरोप लगा रहे थे और वही कंपनी के उच्चाधिकारी पूरे मामले पर पर्दा डालते नज़र आये थे, जब आज कंपनी के कर्मचारी उस मामले के हवाला देते हुए धमकाने का काम कर रहे है तो परिजनों की बात में सत्यता नज़र आती है। और यह एक गंभीर मामला भी है की कंपनी के अधिकारी ने पवन के मामले का का हवाला देते हुए धमकी दे रहे है तो कही पवन की मौत को कंपनी के लोगो ने हादसा बना दिया हो?

## दो कम्पनी के पक्ष की

**उदित भट्ट के बिलों की हेरा फेरी की जांच की जा रही है।**
**-अधिशाषी अधिकारी रेडिको खेतान**



बिसवां सीतापुर - तहसील क्षेत्र के कदुनी में स्थापित रेडिको खेतान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बीते दो वर्ष से कार्यरत एक अधिकारी द्वारा बिलों में हेरा फेरी करने के आरोप में कंपनी द्वारा उसे चार सीट दी गई है । उन्हे अपनी सफाई देने के लिए बुलाया जा रहा है। वही हेरा फेरी करने वाले अधिकारी की पत्नी अनुराधा शर्मा ने सरोजिनी नगर लखनऊ थाने में एक तहरीर देकर कहा है कि उसके पति को जबरन फर्जी केस मे फ़साने की साजिस रची जा रही है।उन्होंने कंपनी के उच्च अधिकारियो द्वारा प्रताड़ित किये जाने की भी बात कही है। कंपनी के लीगल अधिकारी विशाल शर्मा द्वारा अभद्रता किए जाने का भी आरोप लगाया है। इन्ही सवालों को लेकर रेडिको खेतान कंपनी के अधिशाषी अधिकारी उपाध्यक्ष इकाई हरीशंकर शुक्ला ने एक प्रेस वार्ता की।उन्होंने पत्रकारों से बातचीत मे बताया कि बीते दो वर्षों से कंपनी में सहायक प्रबंधक एडमिन के पद पर कार्य कर रहे उदित भट्ट के बिलों में कुछ हेरा फेरी की शिकायत एकाउंट टीम को मिली थी ।जिसकी जांच करने के लिए प्रधान कार्यालय दिल्ली से एक टीम भेजी गई थी ।जांच के दौरान उक्त अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। जबकि उसे सूचना देकर बुलाया गया था ।ऐसे में टीम को उक्त अधिकारी पर कुछ शक हुआ ।कंपनी के निर्देश पर कंपनी के लीगल अधिकारी विशाल शर्मा को उनके घर पर नोटिस देने के लिए भेजा गया जो कंपनी की गाड़ी से वहां पहुंचे और उनके घर बेल बजाई जिससे उनके पिता घर से बाहर निकाल कर आए पिता से उन्होंने बताया उदित भट्ट कहां है। तो उन्होंने कहा वह घर पर नहीं है। वह तुरंत वापस लौट आए।इससे नाराज उदित भट्ट ने अपनी पत्नी से थाना सरोजिनी नगर में विशाल शर्मा के खिलाफ अभद्रता की तहरीर दिला दी ।जो की पूर्ण रूप से निराधार है। अधिशासी अधिकारी ने बताया उदित भट्ट के बिलों की हेरा फेरी की जांच की जा रही है। और यदि जांच में वह दोषी पाए जाते हैं तो कंपनी.के द्वारा उनके खिलाफ उचित कानूनी वैधानिक कार्यवाही अमल मे लाई जाएगी ।उनको अपना पक्ष रखने के लिए चार सीट दे दी गई है।अभी तक उनका जबाब नही आया है।

# सांसद प्रत्याशी/सांसद कौशल किशोर ने बैठक कर फिर से मोदी सरकार बनाने की अपील



सीतापुर । भाजपा सांसद प्रत्याशी/सांसद मोहनलाल गंज कौशल किशोर ने सुबह 8:00 बजे से विधानसभा सिधौली क्षेत्र विकास खण्ड कसमंडा के ग्राम पंचायत सरवा जलालपुर से बैठक प्रारंभ की मास्टरबाग बिगहिया से छांजन ऊंचाखेरा कला गोंदलामऊ पट्टी रसूलपुर ढकहा अंबरपुर जयपालपुर अकबरपुर में तूफानी बैठक की,

साथ ही क्षेत्र में लोगों से मिलकर आशीर्वाद लिया।

कौशल किशोर ने कहा मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग हर समाज को मिला है, देश की जनता आज मोदी जी के साथ है मोदी जी जनता के दिलों में है। ऊंचाखेरा कला के सम्मानित जन इस बात का प्रमाण है, भीषण गर्मी है, और साथ ही फसल कटाई चल रही है। फिर भी आप सभी ने समय निकाल कर मीटिंग में आकर मुझे आशीर्वाद दिया,

बिगहिया में *सपा के सक्रिय कार्यकर्ता शैलेंद्र यादव सोनू कई साथियों के साथ कौशल किशोर के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हुए* उपस्थित सभी शामिल हुए साथियों का कौशल किशोर ने पटका पहनाकर स्वागत किया,

शामिल हुए सदस्यों में प्रदीप यादव ,महेंद्र यादव, दिवाकर यादव, संदीप यादव, सौरभ यादव, बैजनाथ रावत, बबलू यादव ,मकरंद यादव ,संजय राजवंशी ,अंकित यादव, अनुपम भार्गव अमन भार्गव दीनबंधु यादव, विवेक यादव, अमन यादव, शुभम यादव, जितेंद्र यादव, सचिन यादव, भरत यादव, शिवम यादव, कौशलेंद्र यादव, अंकित यादव, मनोज गुप्ता, आनंद भदौरिया, राम सागर रावत पृथ्वी पाल राजवंशी, दीपांशु रामनरेश मौर्य, राधेश्याम, राहुल, हर्षित, शिवम, अश्विनी, राहुल, पंकज, रामनरेश गुप्ता, भावेंद्र, सहित अन्य लोग शामिल हुए.

उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ,दिनकर प्रताप सिंह ,प्रभात किशोर जैकी, करूणा शंकर त्रिपाठी ,ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी ,राकेश पांडेय, लक्ष्मी शंकर गिरि, जिलापंचायत सदस्य दीपक शुक्ला ,रवीन्द्र रावत ,अमित मोहन व अन्य लोग उपस्थित रहे।



# व्यय प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा

सीतापुर । लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से व्यय प्रेक्षक सोनिया नैन ने विकास भवन के कक्ष संख्या 106 में संचालित कंट्रोल रूम कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं की जानकारी करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को प्रदान किये। उन्होंने कर्मचारियों से वार्ता करते हुये समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने सोशल मीडिया की जानकारी करते हुये कहा कि सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्मों पर विशेष निगरानी रखी जाये। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक पूरी तत्परता के साथ कार्य करते रहें ताकि लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। साथ ही उन्होंने 1950 हेल्पलाईन की भी



## कृषि में जल एवं ससांधन संरक्षण की आवश्यकता - वाटर रिसोर्स ग्रुप

### सीधी बिजाई तकनीक सें पानी एवं समय की बचत- डॉ अजंली परासनिस

सीतापुर।2030 वाटर रिसोर्सेज ग्रुप ( 2030 डब्लू आर जी ) और कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया , सीतापुर के संयुक्त तत्वाधान में धान की सीधी बुवाई तकनीक एवं कृषि-जल पारिस्थितिकी तंत्र, कृषि जल दोहन को कम करने व ससांधन संरक्षण तकनीक पर कृषक उत्पादन संगठनों की सहभागिता एवं क्षमता निर्माण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ अंजलि परासनिस (वाटर रिसोर्सेज ग्रुप 2030) ने कहा कि कृषि में जल संसाधन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, कृषि में अभियांत्रिकी का प्रयोग व जलवायु-स्मार्ट जल प्रबंधन तकनीक के साथ प्रकृति को पुनर्जीवित करने में पर्यावरण हितैशी तकनीकों का समावेश जरूरी है। उन्होने बताया कि एक किलो चावल पैदा करने में लगभग 2500 - 3000 लीटर पानी खर्च हो जाता है अत्यधिक पानी लगाने की प्रथा से जहां एक ओर पानी का दुरुपयोग अत्यधिक हो जाता है वहीं दूसरी ओर फसल लागत वृद्धि के साथ साथ उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ दया शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि अनुसंधान अध्ययनों से संकेत मिलता है कि - अन्य सिंचाई प्रथाओं की तुलना में - विशिष्ट फसलों में सूक्ष्म सिंचाई से डीएसआर - पारंपरिक तौर पर रोपित धान जो ग्रीन हाउस गैस का एक प्रमुख स्रोत है के विपरीत पानी और श्रम की बचत के अलावा, मीथेन उत्सर्जन से बचने में मदद करता है।

कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न कृषक उतपादन संगठनों के निदेशकों ने प्रतिभाग कर जल संसाधन संरक्षण एवं प्राकृतिक हितैषी तकनीकियो पर चर्चा की एवं सीधी बिजाई तकनीक में खरपतवार प्रबंधन की चुनौतियों पर संवाद स्थापित कर अनुभवों को साझा किया।

## भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचाता है- उमेश पाल

खैराबाद सीतापुर । नगर के मोहल्ला नई बस्ती में आयोजित नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि रहे।भाजपा की तरफ से नुक्कड़ सभा के माध्यम से वोट की अपील की जा रही है। भाजपा सभासद उमेश जायसवाल ने कहा की भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचाता है। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# श्रम रोजगार उपायुक्त मनरेगा के संरक्षण में हो रहा जनपद में मनरेगा भ्रष्टाचार?

**सीतापुर ।**

जनपद में चारो तरफ मनरेगा कार्यों में घोटाले किए जा रहे है, मनरेगा योजनाओं में घोटालो से कोई भी विकास खंड अछूता नहीं रहा है, ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार की लगातार खबर प्रकाशन व श्रम रोजगार उपायुक्त मनरेगा (डी सी मनरेगा) से शिकायत भी को जा रही है उसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी डी सी मनरेगा कार्यवाही करने में असमर्थ है, इस असमर्थता की क्या वजह है, कही सूत्रो के द्वारा बताए जा रहे कमीशन के खेल में डी सी मनरेगा भी शामिल तो नही है, और यदि शामिल नहीं है तो फिर कार्यवाही करने में विवशता क्यों जोकि एक बड़ा सवाल है , आखिर किस अधिकारी के संरक्षण में हो रहे घोटाले , डी सी मनरेगा की कार्यशैली से इस तरह के बहुत से सवालों का खड़ा होना लाजिमी है।

विकास खंड मछरेहटा में मनरेगा कार्यों में लगातार फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला किया जा रहा है, घोटाले पर लगाम लगाने में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी तो पहले ही नाकाम हो गई है वही जिले पर बैठे जिम्मेदार भी मूकदर्शक बने हुए है, विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरारा में चल रहे मनरेगा कार्य शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर चार मास्टर रोल पर 33 श्रमिको की उपस्थिति दर्ज गई है, ऑनलाइन दर्ज की गई हाजिरी में कम से कम 3 माह पहले की फोटो को अपलोड किया है, सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कार्य काफी समय से बंद चल रहा है, ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक फर्जीवाड़ा करके भुगतान करने की फिराक में है।




विकास खंड मिश्रिख की ग्राम पंचायत शिवथान व इडवलग्रांट में मनरेगा कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, ग्राम पंचायत शिवथान में मनरेगा के अंतर्गत मनिकापुर से बलियापुर तक ड्रेन खुदाई कार्य पर जिम्मेदारों ने जमकर घोटाला कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है, ड्रेन की खुदाई कार्य में प्रतिदिन ऑनलाइन फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, इस कार्य पर आठ मास्टर रोल पर 75 श्रमिको की उपस्थिति दर्ज की गई हैं वही करे स्थल पर श्रमिक कभी कार्य करने गए ही नही है, ऑनलाइन अपलोड किए गए डाटा में किसी अन्य कराए गए कार्य की फोटो को जिम्मेदारों के द्वारा अनवरत अपलोड किया जा रहा है, वही जब मौके पर देखा गया तो कार्यस्थल श्रमिक विहीन तो पाया ही गया अजीब बात तो ये थी की ड्रेन खुदाई अभी तक 50 मीटर से भी कम ही हुई होगी वो खुदाई कार्य जे सी बी मशीन से कराया गया है, क्योंकि ड्रेन के अंदर जे सी मशीन के बकेट बने होने के निशान भी पाए गए, वही खेतो में काम कर रहे कुछ ग्रामीणों ने बताया की मजदूर यन्हा कभी काम करने आए ही नही हा दो दिन जे सी बी मशीन जरूर करे करने आई थी।

ग्राम पंचायत इडवलग्रांट में चल रहे मनरेगा कार्यों के अलग अलग चार कार्यों पर 16 मास्टर रोल पर 143 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, लेकिन कार्य बंद चल रहे है, सूत्रो की जानकारी पाकर जब मौके पर देखा गया तो चारो ही कार्यों पर श्रमिक कार्य करते नही पाए गए, अब ऐसे सवाल यह भी उठता है की इतने बड़े पैमाने पर किस के संरक्षण में घोटालों को अंजाम दिया जा रहा है।

# कोतवाली देहात क्षेत्र में चल रहा अवैध खनन

## कचनार पुलिस की उदासीनता के चलते फलफूल रहे अवैध खनन माफिया ।

सीतापुर ।थाना क्षेत्र कोतवाली देहात के कचनार चौकी क्षेत्र में लगातार रात के अंधेरे में खनन माफियाओं का सक्रिय होना आम बात है, रात के अंधेरे में खनन माफिया उपजाऊ जमीन को बंजर बना रहे है, जे सी बी की गर्जना से जँहा एक और धरती कांप रही है वही कचनार चौकी पर तैनात जिम्मेदार गहरी नींद में सोते रहते



है, कचनार चौकी क्षेत्र में संजय भट्ठा के समीप भालोठिया धर्मकांटा के सामने प्लाटिंग के लिए तैयार की जा रही जमीन का पटान किया जा रहा है। रात भर रोड पर मिट्टी की ट्रॉलियां दौड़ती रहती है, आखिर जिम्मेदार रात को रोड पर निकलते नही है या फिर निकलते है तो उनको कुछ दिखाई नही पड़ता है।

इस समय चुनाव में ड्यूटी लगी है ,इसलिए हम फील्ड में जा नही पा रहे है, दिखवा के कार्यवाही करते है।

**खनन अधिकारी सीतापुर**

# आग लगने से फायर यूनिट टीम ने आग पर पाया काबू

मिश्रित सीतापुर । तहसील क्षेत्र मिश्रित के कई गांव में आज अचानक आग लग जाने की सूचना पर अग्नि शमन यूनिट मिश्रित की टीम ने काफी मशक्कत करके आग पर काबू पाया । अग्निशमन यूनिट टीम के चालक आशुतोष शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया है । कि आज मिश्रित के ग्राम भिखनापुर में छोटेलाल पुत्र रामसागर की बाग में अचानक आग लग गई सूचना पर अग्निशमन यूनिट ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया । नहर चौराहा पर एकत्रित कूड़े में अचानक आग लग गई अग्नि समन टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया । ग्राम जकरियापुर में सुनीत बाजपेई , जयप्रकाश बाजपेई , कुंवर मिश्रा की बाग में पड़े घूरे में अचानक आग लग गई । और आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया । ग्रामीणों की सूचना पर अग्नि समन टीम ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । ग्राम हड़हा में रामासरे पुत्र रामनाथ के यहां अचानक गैस सिलेंडर में आग लग जाने से हड़कंप मच गया । सूचना पर अग्निशमन यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया । इस मौके पर फायर यूनिट टीम में चालक आशुतोष शुक्ला , प्रियम यादव , विकास यादव , सौरभ नैन शामिल रहे ।

केसरिया हिन्दुस्तान

# प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप की भव्य झांकी निकाली गई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन जन्म दिवस चैत्र शुक्ल नवमी तिथि को नव संवत्सर स्वागत समारोह समिति टांडा के तत्वावधान में प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप की भव्य झांकी श्री रामलीला मंच चौक से धूमधाम के साथ सुसज्जित रथ पर शोभा यात्रा के रूप में निकाली गई ।शोभा यात्रा का नेतृत्व अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल , उपाध्यक्ष सरदार त्रिलोक सिंह ,संतोष कुमार अग्रवाल , संजीव जायसवाल,महामंत्री दिनेश नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार साहू ,दीपक केडिया आदि कर रहे थे। शोभायात्रा श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के सम्मुख होते हुए श्री झारखंड महादेव मंदिर छज्जापुर पहुंची जहां पर जयपाल मौर्य, श्रवण कुमार अग्रवाल ,अरुण अग्रवाल आदि ने पुष्प वर्षा और आरती के साथ स्वागत किया । श्री नवदुर्गा मंदिर फतू पट्टी के पास रिंकू तथा मीरापुर में घिसियावन मौर्य ,रमेश चंद्रगुप्त ,मनोज कुमार ,वंदना गुप्ता , दिनेश मौर्य आदि ने शोभायात्रा का स्वागत किया। श्री नागेश्वर नाथ मंदिर चौक के सम्मुख पहुंचने पर कृष्ण कुमार सोनी , आनंद बिंदी ,शंकर गुप्ता , सतीश वर्मा, रघुनाथ प्रसाद मोदी आदि ने पूजन अर्चन के बाद प्रसाद वितरण किया । आगे विनय अग्रहरि, मनोज सहगल आदि ने पूजन और आरती किया। मीरानपुरा में सुनील सिंह, गोविन्द सिंह,प्रमोद सिंह , प्रतिभा सिंह, वैशाली सिंह ,आनंदी साहू अपर्णा , स्वाति, अनुष्का , अंशिका,सत्यम , दिव्यांशु आदि ने पुष्प वर्षा और आरती करके स्वागत किया । विवेक चंद्रा ,राम अचल गौड़ आदि ने प्रसाद वितरण किया । सब्जी मंडी, कपड़ा मंडी, श्री मठिया माता मंदिर




मंदिर होते हुए शोभायात्रा पुलिस बूथ चौक के सम्मुख पहुंची जहां पर पंडित राकेश मिश्रा ,अनिरुद्ध अग्रवाल ,बजरंगी लाल सोनी, सलिल अग्रवाल आदि द्वारा तैयार किए गए सुसज्जित हवन कुण्ड में भव्य हवन सम्पन्न हुआ। आरती संयोजक मनोज कुमार सोनी, राजेश कुमार सिंह, दिनेश कश्यप , अनिल सिंह आदि के नेतृत्व में भव्य आरती की गई , धीरज श्रीवास्तव द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष आनंद कुमार अग्रवाल ने नव संवत्सर स्वागत समारोह के आयोजनों में सहयोग के लिए नगर वासियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सुरक्षा बलों और सभी सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। महामंत्री दिनेश नारायण सिंह ने सभी को श्री राम नवमी की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं देते हुए अध्यक्ष की अनुमति से समापन की घोषणा की।



राजनीतिक दल के कार्यकर्ता सम्मेलन में शिक्षकों की फोटो आई सामने



जिला निर्वाचन अधिकारी क्या आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार करेंगे कार्यवाही...

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने के मामले में अध्यापकों के विरुद्ध नहीं हुई कोई कार्रवाई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपी अध्यापकों के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि प्रकरण जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में आ गया है आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करना तो उनके नियोक्ता अधिकारी अर्थात प्रबंधक को था जब प्रबंधक ने कोई कार्रवाई नहीं की तो मामले को जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी तक पहुंचाया गया। सुनने में आया है कि उन्ही आरोपियों में से 2 ने ट्रेनर का काम भी शुरू कर दिया है। यह तो घोर अन्यमित्तता है। कुछ दिन पूर्व अजय प्रताप इंटर कॉलेज के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अमित कुमार को राजनीतिक पार्टी के प्रचार करने के कारण कालेज प्रबंधन द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया था पूर्व ऐसे प्रकरण का राज्य निर्वाचन।आयोग को स्वतः संज्ञान लेकर दोषियों एवं उनको संरक्षण देने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए।

# बिजली विभाग का भ्रष्ट व दबंग कर्मी अब बन बैठा भू- माफिया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो



अम्बेडकर नगर। जिलाधिकारी के न्याय संगत उचित कार्रवाई करने के निर्देश देने के बाद भी सम्मनपुर पुलिस ने न्यायालय में विचाराधीन विवादित जमीन पर कब्जा करा दिया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी समेत पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर प्रकरण की जांच कर दोषी व्यक्तियों और कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़िता करमराजी देवी पत्नी स्वर्गीय ध्रुब चंद्र पांडेय सम्मनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कहरा सुलेमपुर की रहने वाली है। महिला का आरोप है उसके व उसके पाटीदार इंद्रजीत पुत्र फूलचंद पांडेय के मध्य आबादी जमीन के बंटवारे के संबंध में न्यायालय में मामला विचाराधीन है।

उक्त विवादित भूमि में विपक्षी इंद्रजीत व उसके पुत्र गण शैलेंद्र पांडेय, वाचस्पति पांडेय द्वारा जबरन निर्माण कार्य करने का प्रयास किया जा रहा था। उक्त के संबंध में बीते 6 अप्रैल को ऑनलाइन शिकायती पत्र पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से किया था बाद में 8 अप्रैल को जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर जनता दर्शन में शिकायती पत्र दिया। जिसमें जिलाधिकारी के द्वारा सम्मनपुर प्रभारी निरीक्षक को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। आरोप है 18 अप्रैल की दोपहर करीब 11ः00 बजे उक्त विपक्षी इंद्रजीत पांडे शैलेंद्र पांडे और वाचस्पति पांडे दर्जन सहयोगियों के साथ विवादित भूमि में जबरन निर्माण करने लगे। उस समय पीड़िता अकेली घर पर थी। जिसकी सूचना उसने अपने पुत्र दुर्गा प्रसाद से पीआरबी व स्थानीय थाने की पुलिस को जबरन निर्माण कार्य करने की सूचना दी। आरोप है पीआरबी की पुलिस व स्थानीय थाने की पुलिस आई जबरन उसके पुत्र दुर्गा प्रसाद पांडेय को थाने लेकर जाकर बैठा ली। इस दौरान स्थानीय थाने की पुलिस की सह से विपक्षी गणों ने विवादित भूमि में जबरन निर्माण कार्य संपन्न करवा लिया। विपक्षियों के दहशत से गांव का कोई व्यक्ति उसके सहयोग में नहीं आ सका। पीड़िता का यह भी आरोप है विपक्षियों के प्रभाव में आकर स्थानीय थाना प्रभारी द्वारा उसके पुत्र को गलत तरीके से शांति भंग में चालान कर दिया। पीड़िता ने विपक्षियों से जान माल का खतरा भी बताया है।

बिजली विभाग का दबंग टीजी2 वाचस्पति पाण्डेय एक बार फिर समाचार सुर्खियों आया है।

विधुत विभाग में कार्यरत कर्मी वाचस्पति पाण्डेय जो अपने भ्रष्टाचार से जाना जाता है।

पिछले दिनों कई समाचार पत्रों व शोशल मीडिया पर इनके भ्रष्टाचार के कारनामें उजागर हुये है। बिजली विभाग का भ्रष्ट व दबंग कर्मी अब भू माफिया बन बैठा है।

वही जब इस विषय में सम्मनपुर थाना प्रभारी राजेश सिंह से टेलीफोनिक वार्ता करने का प्रयास किया गया तो किसी कारण वश बात नही हो सकी।

# ना चाहत की चमक है ना पैसो की चमक है चेहरे पर शीसा तन के जीने की चमक है...पूर्व प्रधान राम गोपाल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। एक अनोखा इतिहास जिसको जानकर रोंगटे खड़े हो जायेगें बात कर रहा हूँ। उत्तर प्रदेश के जिला अयोध्या गोशाईगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमसिन के दलितों और पिछड़ों का भी एक ऐसा इतिहास है, जिसके शिल्पिकार पूर्व प्रधान अमसिन रामगोपाल है, अब इसको जानना भी हमको बहुत ही जरूरी है। यह इतिहास सन 1975 से शुरू हुआ उस समय ना टेलीविजन और ना इंटरनेट था और नाही रेडियो जिस समय रामगोपाल कक्षा 12 वीं के छात्र थे उस समय डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाना तो दूर उनका नाम लेना भी जुर्म था। कांशीराम साहब से उनकी मुलाकात विचार विमर्श साझा करना भी एक ऐतिहासिक पल था जिसको उस समय में पूरा कर पाना मुश्किल था 1975 में एक-एक लोगों को घर-घर से गांव-गांव तक धूप बारिश मे पैदल तो कभी साईकिल हर हालात में जाकर हर दलित वंचित लोगों को एक साथ करने वाले रामगोपाल का यह कारवां बहुत ही दयनीय स्थिति से गुजरा वह अपने परिवार और छोटे बच्चे ( राना राव व रंधीर राव राका ) पर भी पूरा ध्यान नहीं दे पाए ना ही खुद पर वह हमेशा इसी चिंतन में लगे रहे की अमसिन और इसके आसपास के क्षेत्र में कैसे डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मिशन को लोगों तक पहुंचाया जाए और सभी को इकट्ठा किया जाए उन पर घर परिवार की जिम्मेदारी तो थी ही साथ ही एक बहुत बड़ी लड़ाई समाज से




भी लड़ना था आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं, कि 2024 में जब हमारे ऊपर मनुवाद इतना हावी है तो सन 1975 के समय क्या हालात रहे होंगे अकेले चलते गए लोगों को अपने साथ जोड़ते गए और यह कारवां बहुत अधिक संघर्ष से लड़ने के बावजूद शासन प्रशासन समाज के तमाम उन गलियों से अकेले ही गुजर कर रामगोपाल ने सबको साथ लेकर अम्बेडकर संघर्ष सेवा समिति अमसिन बनाकर और सबको साथ लाकर अंबेडकर पार्क अमसिन की स्थापना संवैधानिक व सामाजिक संघर्ष के रास्ते से बिना किसी जन हानि के सन 15 अगस्त 1997 स्थापित किये और तब से आज तक के समय में यह हजारों की भीड़ सिर्फ इस बात का गवाह बनती है कि उनके मिशन में कितना संघर्ष रहा होगा कि सन् 1975 से 2024 तक एक अकेला इंसान चला उनके आज हजारों का काफिला बाबा साहब के मिशन में हम सबको विरासत की तरह दे चुके हैं। सभी को साथ लेकर चलने वाले एवं छोटी बड़ी गलतियों को माफ करने वाले रामगोपाल ऐसी पता नहीं कितने दर्द और तकलीफों को अपने सीने में दबाए बैठे जिनका आज हम युवाओ को जानना भी बहुत आवश्यक है। बाबा साहेब के बताये राह पर चलकर उन्होने अमसिन के ग्राम पंचायत प्रधान का चुनाव जीत कर प्रधान का कार्यभार भी संभाले मगर अपने आस्तित्व पर ऑच नहीं आने दिये आज हमें यह कारवा एवं कहानी उन्हीं के बताए और दिखाएं हुए रास्ते पर चलकर उनके मिशन में सहयोगी बनकर डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का परचम हमेशा ही बढाते रहना है। अमसिन क्षेत्र वासियों को यह विरासत रामगोपाल के द्वारा दिया गया। एक वरदान है, जिसको हमेशा हमें बनाए रखना हैं और अंत में मैं बस यही कहना चाहूंगा कि मिशन में कार्य कर रहे सभी सहयोगी साथी चाहे वह कितने भी वरिष्ठ अपने नाम के सामने क्यो ना लगाये मगर उन्हे चैयतू राम सुमन जोकि संबध में राम गोपाल के सगे फूफा भी है, और पूर्व प्रधान राम गोपाल से संघर्ष व मिशन को जानने व सीखने समझने कि बहुत जरूरत है स्वयं यह मेरा निजी अनुभव रहा है कि रामगोपाल एक बहुत ही तार्किक वैचारिक बारीक एवं दूरदर्शी संघर्षसील अंबेडकरवादी विचारधारा के महानतम व्यक्तियों में से एक है जो कि विगत कुछ वर्षों में मेरे द्वारा किए गए गलतियों को भी उनके विचारों से मुझे सीखने की जरूरत पड़ी और आज मैं खुद को इस मिशन और अमसिन को समझ सका अमसिन का अपना यह इतिहास हमारे राम गोपाल के अगुवाई में एक स्वर्णिम काल रहा नमन है उन सभी आदर्श व्यक्ति एवं नारियों का जिन्होंने रामगोपाल के इस भीम मिशन कारवां को बल दे करके आज यहां तक पहुंचाया यह एक बहुत ही छोटा सारांश हैं।

# एंबुलेंस संचालन में गड़बड़ झाला

### हर महीने करोड़ो का चुना लगाता है एंबुलेंस विभाग

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।**

सरकार लाख दावा करें देश और समाज भ्रष्टाचार से मुक्त और सुरक्षित समाज बनाने की कोशिश करेंगे परन्तु सरकारी विभाग हमेशा सरकारी धन का दुरपयोग करती नजर आ रही है और समय-समय पर समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर चलती रहती है परन्तु आज एक ऐसे मामलों पर चर्चा करने जा रहे हैं जिस पर अभी किसी की नजर पड़ी ही नहीं ,हम बात करने जा रहे हैं स्वास्थ्य सुविधा के बारे में , स्वास्थ्य सुविधा के महकमा को दूसरा मंदिर और उसके कर्मचारी को धरती का दूसरा भगवान माना गया है परन्तु जब मंदिर और उसमें निवास कर रहे भगवान जब अपने पद और पावर का दुरपयोग करने लगे तो पूजा करने वालों की क्या गति होगी यह तो समय बताएगा

बताना चाहते हैं कि सरकार एंबुलेंस सेवा 108और 102 जनता की भलाई के लिए सरकार संचालित करवा रही है विगत दिनों सूत्रों से जानकारी मिली एंबुलेंस में महाघोटाला हो रहा है और एंबुलेंस फर्जी मरीज ढोती है क्योंकि आंतरिक सूत्रों से पता चला कंपनी वालों को एक मरीज को अस्पताल लाने पर मोटी रकम मिलती है इसलिए एंबुलेंस कंपनी फर्जी फोन करवाकर फर्जी मरीज अस्पताल लाते हैं।

इसके मद्देनजर नजर विकास खंड बसखारी के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पर नजर रखा गया तो सच्चाई का पर्दाफाश हो गया और आंतरिक सूत्रों की खबर सही साबित हुई बताना चाहते हैं लगभग 11 बजे एक एंबुलेंस बसखारी अस्पताल से निकली और जब उसका पीछा किया गया तो वह एम्बुलेंस अस्पताल में खसरों पुर गांव पहुंचती है और 5 मिनट रूकने के तुरंत बाद अस्पताल के लिए वापस रवाना हो जाती है

### *जब अस्पताल पर मेडिकल टेक्नीशियन से जब पूछा जाता है*

मेडिकल टेक्नीशियन वह कहता कि एंबुलेंस का प्रचार करने गए थे फिर बात पलटी मारता है बोला कल गाड़ी पंचर हो गई थी आज स्टेपनी लाने गये थे जबकि उस रूट पर कोई पंचर की दुकान है ही नहीं।

*जब इस मैटर पर जी वी कम्पनी के एम्बुलेंस संचालक जिला प्रभारी से बात चीत की गई तो* ..... उनका सिर्फ एक ही जबाब किसी की नौकरी नहीं खानी चाहिए पर सवाल यह उठता प्रति मरीज हजारों का सरकारी धन लूटना कहा तक जायज़ है और कब पड़ेगी इस पर मुख्यमंत्री योगी जी की नजर।

# खड़े ट्रेलर से टकराई कार, दादी की मौत पोता घायल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुलतानपुर। बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित हुई कार खड़े ट्रक से टकरा गई। ट्रक में टकराने से कार क्षतिग्रस्त हो गई वही कार सवार दादी व पोता घायल हो गए। इलाज के दौरान दादी ने दम तोड़ दिया।मिली जानकारी अनुसार अयोध्या जिले के दौलतपुर निवासी आविश श्रीवास्तव लगभग 25 वर्ष अपनी दादी शोभा श्रीवास्तव लगभग 78 वर्ष के साथ कार से जगदीशपुर जा रहे थे। शुक्रवार को जैसे ही वह हलियापुर थाना क्षेत्र के कूरेभार मोड़ पर पहुंचे तभी बाइक सवार को बचाने में उनकी कार अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराते हुए आगे खड़े ट्रक से टकरा पलट गई।जिसमें कार में चालक आविश श्रीवासतव तथा उनकी दादी शोभा श्रीवास्तव को गम्भीर चोट आई। घायलों को कुमारगंज ले जाया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों शोभा श्रीवास्तव को मृत घोषित करते हुए दुसरे घायल का इलाज शुरु कर दिया गया था।

## मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक जोड़े के मध्य पारस्परिक परिवारिक विवाद को सुलझाकर राजी-खुशी विदाई कराई गयी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। जनपद के थाना मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी द्वारा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए।

# गरीबों के हक पर डाका डाल रहे कोटेदार

*ग्रामीणों ने कोटेदार के ऊपर लगाए गंभीर आरोप*



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।गरीब परिवारों को भोजन का संकट न हो, इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा गारंटी योजना के तहत सस्ते दर पर खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। गरीबों के इस हक पर कोटेदार डाका डाल रहे हैं। अंबेडकर नगर बसखारी क्षेत्र ग्राम सभा कोडडा में राशनकार्ड धारकों का आरोप है कि कोटेदार 2 से 3 किलो राशन हर कार्ड धारकों का काटा जा रहा राशन परिवार की संख्या से राशन नहीं मिल रहा

**गरीबों के हक पर डाका डाल रहें कोटेदार**

राशनकार्ड धारकों का कहना है कि कोटेदार ने राशन वितरण के सभी नियम-कायदों को ताख पर रख दिया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा गारंटी योजना के नियमों के तहत प्रति व्यक्ति एक यूनिट राशन देने की व्यवस्था है। इसके तहत एक यूनिट पर पांच किलो चावल व पांच किलो गेहूं मिलता है।

कार्डधारकों का ये भी आरोप है कि तौल करते समय कोटेदार की ओर से दो डिजिटल तौल मशीन रख कर घपला किया जाता है और राशन की घटतौली होती है। अब देखना है कि जिम्मेदार अधिकारी इस पर क्या कार्रवाई करते हैं या ऐसे ही कोटेदार गरीबों के हक पर डाका डालते रहेंगे।

# प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित होने पर दर्ज होगी एफ आई आर

### *प्रशिक्षण के दौरान समय से उपस्थित हो सभी कार्मिक - जिला निर्वाचन अधिकारी*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर ।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए हो रहे पीठासीन अधिकारियों एवं अन्य मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदान अधिकारी/ पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण ले।जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो। ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रो को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी अधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण ले, यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निःसंकोच होकर मास्टर ट्रेनों से पूछे।प्रशिक्षण के प्रथम दिन 16 पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पहली पाली में 06( राजीव,सतीश चंद्र वर्मा, अंकित वर्मा, राजेंद्र पाल, रनजीत यादव,चंद्र सिंह) और दूसरे पाली 10(सुधीर रंजन सिंह,मोहम्मद सलीम, मोहम्मद याकूब, मनोज कुमार दुबे, नूर मोहम्मद, कृष्ण कुमार यादव, अरविंद कुमार वर्मा, शमसुज्जमा अंसारी, देवेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार) कुल 16 अनुपस्थित मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्मिक अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें,अनुपस्थिति की दशा में एफ. आई. आर. दर्ज कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। अवगत कराना है कि कार्मिकों को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह प्रशिक्षण 20, 22 व 23 अप्रैल को भी दिया जाएगा।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। जिले में कोतवाली नगर के फतेहगंज खीर गली में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किराएदार चंद्र मोहन मिश्र का शव कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवक के मौत के कारणों का पता लगा रही है।

सीतापुर के सिधौली के रहने वाले चंद्र मोहन मिश्र कोतवाली थाना क्षेत्र के फतेहगंज खीर गली में किराए के मकान में रहते थे। वे एक प्राइवेट कंपनी में कार्य करते थे। यहां करीब छह माह से रह रहे थे। शुक्रवार को उनका शव कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। घर मालिक और परिवार के सदस्यों ने पुलिस को घटना की सूचना दिया। आनन-फानन में शव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बताया ।

अयोध्या कोतवाली प्रभारी अश्वनी पांडेय ने बताया ÷ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को भी सूचित कर दिया गया। प्रथम दृश्टा आत्महत्या प्रतीत हो रही है। फिलहाल मामले की हर पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# अमाहियां पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही पैरोल से फरार आरोपी और मोटर साइकिल चोर को किया गिरफ्तार

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

**अमहिया थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व जारी है अनवरत कार्यवाही**




पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में सीएसपी रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व मे ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है आपको बता दे कि पैरोल से फरार आरोपी 8000 हजार का इनामी रामखेलवान उर्फ खेल्ली पिता दादोल उम्र 39 वर्ष निवासी संचरा थाना राजेंद्र ग्राम अनूपपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहा से जेल भेज दिया गया वहीं मुखबिर की सूचना पर थाना अमहिया के अपराध क्रमांक 203/24 धारा 379 ता ही में मोटर साइकिल चोरी का आरोपी अभिषेक विश्वकर्मा पिता सुरेश विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष इटौर थाना कोटर जिला सतना हाल मुकाम बोदाबाग जिला रीवा को मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया न्यायालय में पेश किया गया जहा से जेल भेज दिया गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह प्रधान आरक्षक रामकृष्ण तिवारी प्रधान आरक्षक मकरध्वज तिवारी आरक्षक अनूप त्रिपाठी आरक्षक विक्रम वर्मा आरक्षक विकास तिवारी आरक्षक भारत सिंह की भूमिका सराहनीय रही

# खजुराहो पुलिस की तत्परता से कस्वा खजुराहो में रात्रि में भटके हुए 5 साल के बालक को सुरक्षित उसके परिजनों को सुपुर्द किया

सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो. 7509091263



पुलिस अधीक्षक छतरपुर अगम जैन ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम एवं अपहृत बालक बालिकाओं की तलाश कर परिजनों को सुपुर्द करने हेतु निर्देशित किया है

आज दिनांक 19 अप्रैल 2024 को रात्रि करीबन 01.00 बजे खजुराहो पुलिस को व्हीव्हीआईपी मूवमेन्ट में भ्रमण के दौरान पटेलन पुरवा खजुराहो के पास एक करीबन 5 साल का बच्चा रोते हुए मिला जो अपने परिजनों को ढूंढ रहा था, एवं अपने बारे में कुछ बता नहीं पा रहा था। खजुराहो पुलिस की तत्परता से बालक के बारे में लोगों एवं मोबाइल फोन के माध्यम से सम्पर्क कर उसके पिता रमेश प्रजापति पिता जगन्नाथ प्रजापति जो ग्राम ललपुर थाना राजनगर को बालक को सुरक्षित सुपुर्द किया गया।

# लोकतंत्र का त्यौहार मनाने सात समुंदर पार लंदन से मतदान करने आई सुश्री श्रद्धा बियानी



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे अनूपपुर

अनूपपुर । मतदान करना सभी का राइट है।सभी को मतदान में भाग लेना चाहिए।यह बात लोकतंत्र का त्यौहार मनाने सात समुंदर पार लंदन से मतदान करने आई सुश्री श्रद्धा बियानी ने कही।

सुश्री श्रद्धा बियानी यूनिवर्सिटी आफ लंदन में आर्किटेक्ट इंजीनियर की पढ़ाई कर रही है।लेकिन जब उसे पता चला की 19 अप्रैल 2024 को प्रथम चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र का मतदान होना है तो उसने अपना राइट समझा और उस राइट को समझने के बाद घर परिवार से बात कर लंदन से लोकतंत्र का त्यौहार मनाने विदेश से भारत आकर अपने परिवार की तीन पीढ़ियों संग लोकतंत्र का त्यौहार मनाया एवं मतदान केंद्र क्रमांक 84 में पहुंचकर मतदान किया और सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। अपने राइट का उपयोग कर बहुत खुश नजर आई।

सुश्री श्रद्धा बियानी ने कहा कि भारत के कई बच्चे विदेश में अध्ययन कर रहे हैं।उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग एवं भारत सरकार से मांग की कि विदेश में पढ़ रहे बच्चों को भी मतदान करने का अधिकार वहीं मिलना चाहिए जो सभी का राइट बनता है।

ज्ञातव्य हो की अनूपपुर की छात्रा सुश्री श्रद्धा बियानी बिल्डर और कॉलोनाइजर स्वामी विवेकानंद स्मार्ट सिटी अनूपपुर विवेक बियानी,जयश्री बियानी की पुत्री एवं दादा अशोक बियानी क्षेत्र के बड़े ठेकेदार रहे हैं।दादी किरण संत तुलसी मॉडल स्कूल की अध्यक्ष है।

# कमिश्नर ने जांच में दोषी प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर को किया निलंबित

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान अनूपपुर /कोतमा**




कमिश?नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने प्राचार्य, कन्या शिक्षा परिसर कोतमा जिला अनूपपुर सुभाष चन्द्र वर्मा को म0प्र0 सिविल सेवा (आचरण) नियम-1965 के नियम 3 के अन्तर्गत कदाचरण की श्रेणी में आने के कारण म0प्र0 सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में सुभाष चन्द्र वर्मा (मूलपद उच्च माध्यमिक शिक्षक) प्राचार्य, कन्या शिक्षा परिसर कोतमा जिला अनूपपुर का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

जारी आदेश में कहा गया है कि शासकीय कन्या शिक्षा परिसर कोतमा, जिला अनूपपुर के प्राचार्य सुभाषचन्द्र वर्मा, तथा प्रभा मरावी अधीक्षिका कन्या शिक्षा परिसर कोतमा के बीच शिष्यवृत्ति की राशि जारी करने के एवज में अनाधिकृत राशि के लेन-देन एवं गुणवत्ता विहीन भोजन दिए जाने के संबंध में समाचार पत्रों, टी.व्ही. न्यूज चैनल ÷न्यूज ऑवर मध्यप्रदेश÷ में प्रसारित खबर एवं वायरल ऑडियों के माध्यम से उक्त वस्तुस्थिति संज्ञान में आते ही प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तथ्यों की जांच हेतु त्रिसदस्यीय समिति गठित कर प्रारम्भिक जांच कराई गई। गठित समिति द्वारा प्रारम्भिक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें अधीक्षिका द्वारा ऑडियो की पुष्टि करते हुए प्राचार्य द्वारा 25,000/- पच्चीस हजार रुपये प्रतिमाह दिये जाने की मांग स्वीकार की है, जिसके लिए प्रथम दृष्टया प्राचार्य, कन्या शिक्षा परिसर कोतमा जिला अनूपपुर सुभाष चन्द्र वर्मा को दोषी पाया गया है।

# बेटियों की शिक्षा व सम्मान को समर्पित रहे जवारे

## बेटियां मां दुर्गा का साक्षात स्वरूप है-मुकेश बसेड़िया

102

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान नर्मदापुरम स्थानीय संपादक जितेंद्र व्यास

नर्मदापुरम/बनखेड़ी -ः चैत्र नवरात्रि में घर घर पूजन चल रहा है , वहीं ग्राम पुरैना रंधीर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने विगत दिवस प्रतिपदा पर अपने गृह ग्राम में सिद्धपीठ में प्रतिवर्ष अनुसार जवारे व श्री धूनीवाले दादाजी की कुटी की स्थापना कर संपूर्ण नवरात्रि अनुष्ठान को गांव की बेटियों के सम्मान व शिक्षा समर्पित कर वास्तविक नवरात्रि व देवी सेवा का सार्थक किया

प्रतिदिन पंडाल में बेटियों के पद पखारकर उन्हें वस्त्र, श्रृंगार, स्कूल ड्रेस,रेपिडेक्स , पठन लेखन सामग्री प्रदानकर स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया।

महाअष्टमी पर अपने ग्राम पुरैना रंधीर के साथ क्षेत्र के आसपास के ग्राम डूमर, मलकजरा, सलैया फज्जु आदि ग्रामो की उच्च शिक्षा प्राप्त मेधावी छात्राओं का मेडल ,ट्राफी,प्रमाणपत्र, पुस्तकें आदि प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया ।




पंडाल में जगह जगह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के वेनर फ्लेक्स लगाकर बेटी शिक्षा को प्रोत्साहित किया।

पंचमी तिथि पर खीर भोग ,अखाड़ा तथा महाअष्टमी में महानिशा पूजन ,हवन उपरांत गांब की समस्त कन्याओ का पूजन कर उन्हें वस्त्र , श्रृंगार, पठन लेखन सामग्री प्रदान कर आशीर्वाद लिया ।

उपरोक्त अनुष्ठान 21 वर्षों से मुकेश बसेड़िया द्वारा वरिष्ठ विद्वान पँ भगवत प्रसाद शास्त्री के सानिध्य में अपने स्वजनों के साथ पूर्ण वैदिक विधि विधान से अनवरत चल रहा है

उपरोक्त अनुष्ठान में सुरेश बसेड़िया , ब्रजभूषण बसेड़िया,अटल बसेड़िया, प्रिंन्स बसेड़िया, परसोत्तम तिवारी,पवन तिवारी, विनोद स्थापक, मनोज शर्मा , आशीष लोधी , विनय स्थापक ,आदित्य तिवारी अनुराग मेहरा, तनुश्री बसेड़िया , सुहाना स्थापक, सौम्या बसेड़िया, आरती ठाकुर, कीर्ती विश्वकर्मा, आरती कहार ,चंदन कुशवाहा , बसन्तु अहिरवार , गुड्डा अहिरवार आदि ने मठ पर अपनी सेवाएं प्रदान की । समाजसेवी बसेड़िया ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि देवी पूजन से पहले बेटियों का सम्मान , शिक्षा, व सुरक्षा प्रदान की जाये तब ही मां दुर्गा का पूजन सफल व सार्थक होगा कन्या पूजन के साथ आगंतुक वृद्ध जनो को वस्त्र , व धार्मिक किताबे प्रदान कर आशीर्वाद लिया ।

बसेड़िया का कहना है कि सभी धार्मिक अनुष्ठान मानव सेवा से ही पूर्ण होते है।

# आई.टी. जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ 8719834344**

मण्डलेश्वर (निप्र) राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं सचिव सुजित कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आई.सी.जे.एस. पोर्टल एवं सी.आई.एस. एवं ई-प्रिजन से संबंधित तकनीकी पहलुओं के संबंध में आई.टी. जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर के ए डी आर सेंटर में किया गया।जिसमे जिला न्यायालय केसहायक सिस्टम ऑफिसर आकाश नामदेव द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित पैरालीगल वालेंटियर पैनल अधिवक्ता एवं एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को जानकारी दी। प्रशिक्षण दौरान पुछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिये गये। उक्त कार्यक्रम में 30 व्यक्तियों द्वारा सहभागिता की गई। इस प्रशिक्षण के बाद पी एल वी ऑनलाइन जेल बंदियों से मुलाकात कर सकेंगे । आन लाइन बंदियों से मुलाकात करने के लिये पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा इस सम्बंध में आवश्यक जानकारी सिस्टम आफिसर द्वारा दी गई ।परिजनों से भी ऑनलाइन मुलाकात कराने के लिए भी ऑनलाइन रिक्वेस्ट भेजी जा सकती है ।इस अवसर पर एल ए डी सी एस डिप्टी चीफ रूपेश शर्मा असिस्टेंट सुश्री निशा कौशल पी एल वी दुर्गेश कुमार राजदीप जोजु मुरियाडन अरुण केवट गिरीश पाटीदार डॉ निशा गर्ग श्रीमति सारिका जैन रितु वर्मा सुनीता भालसे दिव्या चौबे उपस्थित थे ।


दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

R.N.I. NO : MPHIN2021/82530

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पंधेया — खबरें बेबाक, बेखौफ बेझिझक

दरें प्रति स्क्वायर से.मी. में

**व्यावसायिक**

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 40 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 30 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 35 | अंतिम पृष्ठ | 30 |

**हार्दिक बधाई / धार्मिक**

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 35 | प्रथम पृष्ठ | 30 |
| साधारण पृष्ठ | 25 | साधारण पृष्ठ | 20 |
| अंतिम पृष्ठ | 30 | अंतिम पृष्ठ | 25 |

**शोक संदेश / श्रद्धांजलि**

| कलर | | B & W | |
|---|---|---|---|
| पृष्ठ | दर / SQcm | पृष्ठ | दर / SQcm |
| प्रथम पृष्ठ | 25 | प्रथम पृष्ठ | 20 |
| साधारण पृष्ठ | 18 | साधारण पृष्ठ | 15 |
| अंतिम पृष्ठ | 20 | अंतिम पृष्ठ | 18 |


# जंगलिया पूरवा में बौद्ध कथा का हुआ आयोजन

लहरपुर ,सीतापुर। तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड बेहटा के ग्राम पंचायत सुमेर के गांव जंगलिया पुरवा में बौद्ध कथा का आयोजन किया गया जिसमें कथावाचक योगेश बौद्ध जी नबीनगर तंबौर एवं उनकी पूरी टीम ने सुंदर सुंदर झांकियों के माध्यम से बहुजन महापुरषों के जीवन पर प्रकाश डाला लोगों को बताया कि आप लोगों को एक जुट रहना है, सबको शिक्षा से जुड़ना हैं, इस अवसर पर पूरे जिले में तेज तर्रार, विधान सभा अध्यक्ष लहरपुर आजाद समाज पार्टी (कांसीराम) पूर्व विधान सभा अध्यक्ष भीम आर्मीड्डमा डॉ योगेन्द्र प्रताप चौधरी जी को बुलाया गया, आयोजक गणों ने माल्यार्पण कर उनका और उनकी पूरी टीम का स्वागत किया, चौधरी जी ने सर्व प्रथम सम्राटों के सम्राट, अखण्ड भारत की, आन, बान, शान, चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य जी की जयंती की बधाई दी तत्पश्चात लोगों को संबोधित करते हुए बोले कि आप लोग कभी कमजोर नहीं रहे हैं, हमारा इतिहास कमजोर नहीं है, आप लोग संघर्ष करो बहुत जल्द दिल्ली की सत्ता आप की होगी बस आप लोग नशा त्याग दो, जिस दिन आप लोग नशा से दूर हो गए आप का कभी अपमान नहीं होगा, बाबा साहब की कुर्बानियों को याद करते हुए बोले कि उन्होंने भारतीय संविधान की बदौलत वोट का अधिकार दिया है महिला सशक्ति करण पर जोर देते हुए डॉ योगेन्द्र प्रताप चौधरी जी ने बोले कि किसी भी मंदिर की पुजारी एक महिला नहीं हो सकती, किसी भी चर्च की पादरी महिला नहीं बन सकती, किसी मस्जिद की मौलाना एक महिला नहीं बन सकती लेकिन लेकिन अपने राष्ट्रीय ग्रंथ भारतीय संविधान में वो ताकत है की एक महिला डी एम, एसडीएम के साथ साथ इस देश की राष्ट्रपति भी बन सकती है, आयोजक राकेश कुमार, अनिल कुमार, गौतम, रमेश कुमार गौतम, दिले राम गौतम, राजेंद्र कुमार, राज कुमार, महेश कुमार, रामखेलावन जी, संतोष कुमार, मुकेश कुमार, शिवेन्द्र कुमार सिद्धार्थ, मौजूद रहे, संघ प्रिय गौतम प्रधान जी सुमेर, अमित कुमार,बालक राम जी तंबौर, सोनावा से गया प्रसाद, सहज राम, सगुन, जुझारू कार्यकर्ता शिवबालक चौधरी, मनोज चौधरी, जयकेश चौधरी, रामू चौधरी, रिंकू चौधरी, महेश कुमार बाजपेई पुरवा, दिवाकर मौर्य, संतोष कुमार मौर्या, दीनबंधु यादव जी, श्रीकेशन यादव जी, लतीफ अहमद, सकील अहमद, आदि ग्राम वासी वा क्षेत्र वासी लोग , जय भीम, जय ज्ञान, जय विज्ञान, जय संविधान।

# जालसाजों से सावधान रहें किसान

सीतापुर । उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा सस्ती सिचाई के लिए पी0एम0 कुसुम योजना के अर्न्तगत सोलर पम्प पर अनुदान की सुविधा मुहैय्या करायी जाती है। इस योजना में बड़े पैमाने पर जालसाजों के सक्रिय होने की सूचना है। प्रदेश के कई जिलों से योजना में धोखा-धड़ी की शिकायतें मिल रही है जिसमें जालसाजों द्वारा मो0नं0-7290912735, 7037767569, 9719775461, 9170935887, 6397850849 आदि से किसानों के पास फोन करके अधिकतम सब्सिड़ी और कम कृषक अंश जमा किये जाने का प्रलोभन देकर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। जालसाजों द्वारा इण्ड़ियन बैंक के खाता संख्या-7748563270, एस0बी0आई0 बैंक के खाता संख्या-42762575204, एन0एस0डी0एल0 बैंक के खाता संख्या-501023740735, 5010224431987 के साथ ही अन्य बैंकों में कृषक अंश जमा करने का कृषि विभाग से मिलता-जुलता संदेश भी किसानों को भेजा जा रहा है।

उप कृषि निदेशक सीतापुर द्वारा बताया गया कि सोलर पम्प के लिए कृषकों के चयन और टोकन कन्फर्म करने की व्यवस्था ऑनलाइन एवं पूरी तरह पारदर्शी है। टोकन कन्फर्म होने के बाद किसानों के पंजीकृत मो0नं0 पर कृषि विभाग द्वारा संदेश भेजा जाता है तत्पश्चात किसानों द्वारा चालान जनरेट करने के बाद ही ऑनलाइन/ऑफलाइन धनराशि जमा करनी होती है। किसान भाइयों को चाहिए की इस प्रकार का कोई फोन आने पर पैसा न जमा करें तथा इस संबंध में तत्काल कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय में सूचित करे, जिससे संबंधित के विरुद्ध साइबर-सेल में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए दोषियों को दण्डित कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## अपने घर पर हुई फायरिंग के बाद सलमान खान ने कहा-

# अपने शेड्यूल में नहीं करेंगे कोई बदलाव




बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 14 अप्रैल को गोलीबारी के बाद सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान ने अपनी टीम से कहा है कि वह अपना सारा काम योजना के मुताबिक करेंगे। उन्होंने टीम से यह भी कहा कि गोलीबारी की घटना को ज्यादा तवज्जो न देकर कोई भी योजना रद्द नहीं की जानी चाहिए।

सलमान ने ईद पर 'सिकंदर' नाम से नई फिल्म की घोषणा की थी लेकिन फिलहाल वह किसी फिल्म की शूटिंग नहीं कर रहे हैं। वह आने वाले दिनों में विज्ञापनों की शूटिंग नहीं करेंगे। सूत्रों ने बताया कि वह अपना सौंपा गया काम उसी शेड्यूल के मुताबिक करेंगे और उसमें कोई बदलाव नहीं करेंगे।

योजना के अनुसार अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने जा रहे हैं। उन्होंने टीम से किसी भी योजना को रद्द नहीं करने को कहा है। वह गोलीबारी की घटना के पीछे के लोगों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। अभिनेता को लगता है, क्योंकि वह अपना ध्यान आकर्षित करने के लिए ये चीजें कर रहे हैं। उन्होंने इंडस्ट्री के दोस्तों और एक्टर्स से कहा है कि वे चिंता न करें। सूत्रों ने बताया, ÷उन्होंने यह भी कहा कि अब किसी को भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में नहीं जाना चाहिए, क्योंकि इससे सोसायटी के अन्य निवासी को परेशानी हो रही है।÷

उधर, गोलीबारी की घटना के बाद एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे, बाबा सिद्दीकी और जीशान सिद्दीकी के साथ सलमान के घर गए और उनसे मुलाकात की। इसके अलावा उनके भाई अरबाज खान, सोहेल खान, उनकी बहन अर्पिता खान, उनके पति आयुष शर्मा, अरबाज के बेटे अरहान उनके घर गए।

# अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' ने चार दिन में की 21.85 करोड़ की कमाई




अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' को लेकर पिछले कई दिनों से खूब चर्चा हो रही है। फिल्म 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म ने पहले दिन जबरदस्त कमाई की है। यह फिल्म भारतीय फुटबॉल के इतिहास की एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म 'मैदान' कोच सैयद अब्दुल रहीम की बायोपिक है। फुटबॉल के खेल में भारत का नाम रोशन करने के लिए रहीम का समर्पण देखते ही बनता है। अब 'मैदान' की रिलीज के चौथे दिन के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं।

इंडस्ट्री ट्रैकर सैक्निल्क के मुताबिक, चौथे दिन यानी रविवार को अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' ने 6.25 करोड़ रुपये की कमाई की। इस फिल्म ने पहले दिन कुल 7.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को 2.75 करोड़ की कमाई की है। तीसरे दिन फिल्म ने 5.75 करोड़ रुपये की कमाई की। इसी के साथ 'मैदान' का कुल कलेक्शन 21.85 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं वर्ल्डवाइड फिल्म की कमाई की बात करे तो 'मैदान' ने 32.86 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया है।

ज़ी स्टूडियोज़, बोनी कपूर, अरुणवा जॉय सेनगुप्ता और आकाश चावला की निर्मित इस फिल्म की कहानी को सैविन क्वाड्रास और रितेश शाह ने लिखे गए हैं। संगीत एआर रहमान का है और गीत मनोज मुंतशिर शुक्ला का है। फिल्म में अभिनेता अजय देवगन, गजराज राव, प्रियामणि मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# फिल्म 'बड़े मियां-छोटे मियां' ने चार दिनों में की 40.75 करोड़ की कमाई

अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां-छोटे मियां' गुरुवार 11 अप्रैल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इस फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों का भी खूब प्यार मिल रहा है। अब 'बड़े मियां-छोटे मियां' की रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी सामने आ गए हैं। अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर अभिनीत फिल्म 'बड़े मियां-छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज हुई थी। अब रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। सैकनिल्क के मुताबिक 'बड़े मियां छोटे मियां' ने रिलीज के चौथे दिन यानी रविवार को 9 करोड़ रुपये कमाए। ओपनिंग डे पर 'बड़े मियां छोटे मियां' ने पहले दिन 15.66 करोड़ रुपये की कमाई की थी। दूसरे दिन यानी शुक्रवार को देशभर में इसने 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। तीसरे दिन फिल्म 8.50 करोड़ रुपये की कमाई की। इस तरह फिल्म की कुल कमाई 40.75 करोड़ रुपये हो चुकी है। वर्ल्डवाइड बात करे तो फिल्म ने दुनियाभर में 96.18 करोड़ रुपये




का कारोबार किया है। फिल्म का निर्माण वासु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने किया है। अक्षय कुमार आखिरी बार 'मिशन रानीगंज' में नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाई नहीं की।



# लव सेक्स और धोखा-2% के सेट से मेकर्स ने शेयर किया बीटीएस वीडियो

'लव सेक्स और धोखा-2' की रिलीज की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे मेकर्स दर्शकों को खुद से बांधे रखने में किसी तरह की कमी नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर ने दर्शकों को एक बिलकुल असली और सच्ची दुनिया से रूबरू कराया है, जिसमें डिजिटल दुनिया में डूबे हुए युवाओं की एक छोटी सी झलक दिखाई गई है। अब मेकर्स ने एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें सेट की झलक देखी जा सकती है। वीडियो में सोफी चौधरी, मौनी रॉय, अनु मलिक और तुषार कपूर भी नजर आ रहे हैं, जो फिल्म में कैमियो कर रहे हैं। 'लव सेक्स और धोखा-2' के मेकर्स ने फिल्म के रिलीज होने के बस कुछ दिन पहले इस बीटीएस वीडियो को शेयर किया है। वीडियो में फिल्म में दिखाए जाने वाले शो के सेट पर सोफी चौधरी को देखा जा सकता है। जहां, जैसे ही लव सेक्स और धोखा के बारे में बात शुरू होती है, सोफी हमें तुषार कपूर के पास ले जाती हैं, और तब तुषार चैलेंज के रूप में नाच को चुनते है और फिर कैमरे के सामने मजेदार डांस कर के दिखाते हैं। आगे मौनी रॉय की तरफ होस्ट ने अपना रुख किया और उनसे उनके पहले किस और उनके लाइफ में मिले धोखे के बारे में पूछा। आखिर में वह अनु मलिक के पास गई और उनसे उनकी प्रेरणा और प्यार में कभी मिले धोखे के बारे में सवाल किया। सेट पर जिस तरह की मस्ती बीटीएस वीडियो में देखा जा सकता है, इससे यह पक्का है कि फिल्म में एंटरटेनमेंट का डबल डोज देखने मिलने वाला है। दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शन की कल्ट मूवीज के साथ मिलकर इस फिल्म को प्रेजेंट किया जा रहा है। फिल्म को एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूस किया है और निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया है। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## थोक महंगाई दर मार्च में मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर, फरवरी में थी 0.20 फीसदी



नई दिल्ली, । देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में इजाफे के कारण मार्च में थोक महंगाई दर मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसी साल फरवरी में यह दर 0.20 फीसदी रही थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर मार्च, 2024 में 0.53 फीसदी रही। इससे पिछले महीने फरवरी में यह 0.20 फीसदी रही थी। दरअसल, डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। हालांकि, नवंबर, 2023 में यह 0.26 फीसदी रही थी, जबकि दिसंबर, 2022 में यह 5.02 फीसदी के स्तर पर थी।

मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक आलू की महंगाई मार्च, 2023 में 25.59 फीसदी थी, जो मार्च, 2024 में 52.96 फीसदी रही है। इसी तरह प्याज की महंगाई 56.99 फीसदी रही है, जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में महंगाई 10.26 फीसदी बढ़ गई है। हालांकि, ईंधन और बिजली की महंगाई मार्च में शून्य से 0.77 फीसदी घटी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से पिछले हफ्ते जारी सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गई है लेकिन खाद्य पदार्थों की महंगाई मार्च में 8.52 फीसदी रही, जो फरवरी में 8.66 फीसदी थी।

# सर्राफा बाजार में मिला-जुला कारोबार, चेन्नई में सोना 74,700 के पार

नई दिल्ली, । घरेलू सर्राफा बाजार में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। आज देश के कुछ सर्राफा बाजारों में सोने के भाव में तेजी आई है, वहीं कुछ सर्राफा बाजारों में सोने में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज के काराबोर में मुंबई, दिल्ली और अहमदाबाद में सोने की कीमत में कमजोरी आई है, वहीं चेन्नई में सोना महंगा होकर 74,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर चला गया है। चांदी में भी आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। इस गिरावट के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 85,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,640 रुपये



प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 74,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 68,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,540 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,6900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,590 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत, एशियाई बाजार में भी गिरावट

नई दिल्ली, । ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में गिरावट का दबाव बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र में दबाव में कारोबार करते नजर आए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। अमेरिका में शुक्रवार को आए महंगाई के आंकड़ों के बाद अमेरिकी बाजार 1.5 प्रतिशत तक लुढ़क गए। डाउ जॉन्स 475 अंक टूट कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,123.41 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 270.80 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,171.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,044.15 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,995.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ।



दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,010.53 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत टूट कर 17,930.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ। ईरान और इजराइल के बीच बनी तनाव की स्थिति की वजह से एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,286.88 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स आज 1.20 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगा कर 3,055.99 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 73.50 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,376 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,661.07 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 396.43 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूट कर 39,127.12 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.09 प्रतिशत फिसल कर 3,182.31 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। ताइवान वेटेड इंडेक्स भी फिलहाल 237.92 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 20,498.65 अंक तक लुढ़क गया है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 122.35 अंक यानी 0.74 प्रतिशत टूट कर 16,599.34 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 1,396.38 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।